सुविचार

हर नए दिन की शुरूआत सदा सकारात्मक विचार से करें।

RNI : RAJHIN13216/2005

# दैनिक गरीबों का सितारा

।। दशकों पुराना साथ ।।

निष्पक्ष कलम — निर्भीक आवाज

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"

हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com

हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्ष: 18 | अंक: 24 | पेज: 8 | मूल्य 01 रु. | जयपुर, मंगलवार 22 अगस्त, 2023 | Email: garibonkasitara@gmail.com


## चंद्रयान-3 के पास साउथ-पोल पर सबसे पहले उतरने का मौका


### इसरो ने कहा- 23 अगस्त को कुछ दिक्कत आई तो 27 को होगी लैंडिंग

सितारा न्यूज नेटवर्क

**बेंगलुरु।** चंद्रयान-3 के लैंडर मॉड्यूल को लेकर कोई भी फैक्टर तय पैमाने पर नहीं रहा तो चांद पर यान की लैंडिंग 27 अगस्त को कराई जाएगी। इसरो के अहमदाबाद स्पेस एप्लीकेशन सेंटर के डायरेक्टर निलेश एम देसाई ने यह जानकारी दी है। 23 अगस्त को, चंद्रयान-3 के चंद्रमा पर उतरने से दो घंटे पहले, हम लैंडर मॉड्यूल की स्थिति और चंद्रमा पर स्थितियों के आधार पर यह तय करेंगे कि उस समय इसे उतारना उचित होगा या नहीं। कोई समस्या नहीं होती है तो हम 23 अगस्त को ही लैंडिंग करेंगे। इसरो के अध्यक्ष और अंतरिक्ष विभाग के सचिव एस सोमनाथ ने सोमवार को नई दिल्ली में केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जितेंद्र सिंह से मुलाकात की और उन्हें 'चंद्रयान-3' की स्थिति और तैयारियों की जानकारी दी।



पहला यान जो चंद्रमा के साउथ पोल पर उतरेगारूस का लूना-25 स्पेसक्राफ्ट क्रैश हो गया है। अब अगर भारत का चंद्रयान-3 मिशन सक्सेसफुल होता है तो वो चंद्रमा के साउथ पोल पर उतरने वाला पहला देश बन जाएगा। चंद्रयान-3 को 23 अगस्त को शाम 6:04 बजे 25 डे की ऊंचाई से लैंड कराने की कोशिश की जाएगी।चंद्रयान-3 का दूसरा और फाइनल डीबूस्टिंग ऑपरेशन रविवार रात 1 बजकर 50 मिनट पर पूरा हुआ था। इस ऑपरेशन के बाद लैंडर की चंद्रमा से न्यूनतम दूरी 25 किमी और अधिकतम दूरी 134 किलोमीटर रह गई है। डीबूस्टिंग में



स्पेसक्राफ्ट की स्पीड को धीमा किया जाता है।

**चंद्रयान-2 के ऑर्बिटर और चंद्रयान-3 के लैंडर के बीच संपर्क स्थापित:** इसरो यानी इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन ने सोमवार को बताया कि उसने चंद्रयान-2 मिशन के ऑर्बिटर और चंद्रयान-3 के लैंडर के बीच संपर्क स्थापित कर दिया है। टु-वे कम्युनिकेशन के स्थापित होने के बाद ऑर्बिटर ने लैंडर से कहा- 'स्वागत है दोस्त !'

**चंद्रमा के फार साइड की तस्वीरें इसरो ने शेयर की:** इसरो ने चंद्रमा की फार साइड यानी ऐसा इलाका जो पृथ्वी से कभी नहीं दिखता, उसकी तस्वीरें शेयर की हैं।इसे चंद्रयान-3 में लगे लैंडर हैजार्ड डिटेक्शन एंड एवॉयडेंस कैमरे (छलऊअउ) से 19 अगस्त 2023 को खींचा गया है। यह कैमरा लैंडर को सेफ लैंडिंग एरिया लोकेट करने में मदद करेगा। यानी ऐसा इलाका जहां बड़े पत्थर और गड्ढे न हो।

**चांद पर अशोक स्तंभ की छाप छोड़ेगा प्रज्ञान रोवर:** चंद्रयान-1 और चंद्रयान-2 मिशन के प्रोजेक्ट डायरेक्टर रहे एम. अन्नादुरई के मुताबिक 23 अगस्त की शाम को चंद्रयान-3 के लैंडर को 25 किमी की ऊंचाई से चांद की सतह तक पहुंचने में 15 से 20 मिनट लगेंगे। यही समय सबसे क्रिटिकल होने वाला है।इसके बाद विक्रम लैंडर से रैंप के जरिए छह पहियों वाला प्रज्ञान रोवर बाहर आएगा और इसरो से कमांड मिलते ही चांद की सतह पर चलेगा। इस दौरान इसके पहिए चांद की मिट्?टी पर भारत के राष्ट्रीय चिह्न अशोक स्तंभ और इसरो के लोगो की छाप छोड़ेंगे।

**सब कुछ फेल हो जाए तब भी विक्रम लैंड करेगा:** इसरो चेयरमैन एस सोमनाथ ने 9 अगस्त को विक्रम की लैंडिंग को लेकर कहा था- 'अगर सब कुछ फेल हो जाता है, अगर सभी सेंसर फेल हो जाते हैं, कुछ भी काम नहीं करता है, फिर भी यह (विक्रम) लैंडिंग करेगा बशर्ते एल्गोरिदम ठीक से काम करें। हमने यह भी सुनिश्चित किया है कि अगर इस बार विक्रम के दो इंजन काम नहीं करेंगे, तब भी यह लैंडिंग में सक्षम होगा।'

---

*सीएम का संवेदनशील फैसला*

### 350 कम्प्यूटर ऑपरेटर बनेंगे डाटा एंट्री असिस्टेंट



सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** राजस्थान में अशोक गहलोत सरकार लगातार जनता को राहत देने की दिशा में बजट घोषणाओं को अमलीजामा पहनाने का काम कर रही है। इसी कड़ी में सोमवार को सीएम ने प्रदेश को 3 अहम सौगात दी है जहां कम्प्यूटर ऑपरेटर मय मशीन पद पर काम करने वाले 350 कार्मिकों को डाटा एंट्री असिस्टेंट बनाए जाने की स्वीकृति दी है। वहीं, 150 एनिकट एवं 100 नहरों के निर्माण व जीर्णोद्धार के लिए -800 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने संस्कृत शिक्षा विभाग में काम करने वाले 21 शिक्षा सहयोगियों को कनिष्ठ शिक्षक एवं पाठशाला सहायक बनाने की स्वीकृति भी जारी की है।

**350 कार्मिक अब बनेंगे डाटा एंट्री असिस्टेंट:** महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यरत 350 कम्प्यूटर ऑपरेटर मय मशीन को राजस्थान कॉन्ट्रैक्चुअल हायरिंग टू सिविल पोस्ट रूल्स-2022 के तहत लाया जाएगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। अब इन कार्मिकों का पदनाम डाटा एंट्री सहायक होगा।नियमानुसार सेवा अवधि पूर्ण करने पर इन्हें उच्चतर पारिश्रमिक एवं पदनाम दिया जाना भी प्रस्तावित किया है। सीएम गहलोत की स्वीकृति के अनुसार डाटा एंट्री असिस्टेंट को हर महिने 10,400 रुपये देना निर्धारित किया गया है। साथ ही, वर्तमान में इससे अधिक पारिश्रमिक प्राप्त करने वाले कार्मिकों के पारिश्रमिक को संरक्षित रखा जाएगा। कार्मिकों द्वारा 9 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण करने पर पदनाम डाटा एंट्री असिस्टेंट ग्रेड-पे करते हुए मासिक पारिश्रमिक 18,500 रुपये एवं 18 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण करने पर पदनाम डाटा एंट्री असिस्टेंट ग्रेड-पे करते हुए मासिक पारिश्रमिक 32,300 रुपये किया जाना प्रस्तावित है।

**150 एनिकट एवं 100 नहरों का निर्माण:** राज्य सरकार प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में जल तंत्र के विकास एवं सुदृढ़ीकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने नहरों, जल एवं सिंचाई परियोजनाओं से संबंधित विभिन्न कार्यों में वृद्धि के प्रस्ताव का अनुमोदन किया है।

---

## पेपरलीक में RPSC मेंबर कटारा सहित 5 आरोपियों की प्रॉपर्टी अटैच

### ED का खुलासा- कटारा ने शेरसिंह को दिया पेपर, ढाका-बिश्नोई ने 10-10 लाख में बेचा

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** पेपर लीक मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने RPSC मेंबर बाबूलाल कटारा सहित 5 आरोपियों की प्रॉपर्टी अटैच कर दी है। कटारा के साथ सुरेश बिश्नोई, सुरेश ढाका, भूपेंद्र सारण और शेर सिंह मीणा की करीब 3.11 करोड़ की प्रॉपर्टी को अटैच किया गया है। प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत एऊ ने यह कार्रवाई सोमवार को की है।

**PMLA में दर्ज किया केस:** शिक्षक भर्ती परीक्षा में पेपर लीक करके उसे बेचने में करोड़ों रुपए का लेनदेन होने को मनी लॉन्ड्रिंग का मामला मानते हुए ED ने पीएमएलए के तहत केस दर्ज किया था। जांच एजेंसी ने राजस्थान पुलिस की एफआईआर के आधार पर सुरेश बिश्नोई, सुरेश ढाका, भूपेंद्र सारण और शेर सिंह मीणा सहित संबंधित आरोपियों के खिलाफ जांच शुरू की थी। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपियों ने सेकेंड ग्रेड शिक्षक भर्ती परीक्षा 2022 के जनरल नॉलेज के पेपर को लीक किया था। आरपीएससी ने राजस्थान भर के सेंटर्स पर 21, 22 और 24 दिसंबर 2022 को



बाबूलाल कटारा | शेर सिंह मीणा | भूपेंद्र सारण | सुरेश ढाका | सुरेश बिश्नोई

सीनियर टीचर भर्ती परीक्षा करवाई थी।

**उदयपुर में 150 और जयपुर में 30 कैंडिडेट्स को बेचा था:** एऊ की जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि आरपीएससी मेंबर बाबूलाल कटारा ने जीके का पेपर लीक करके इसे टीचर अनिल मीणा उर्फ शेर सिंह मीणा को दिया था। शेर सिंह मीणा ने लीक पेपर को भूपेंद्र सारण और सुरेश ढाका को आगे बेचा। भूपेंद्र सारण और सुरेश ढाका ने जीके का लीक पेपर देने के बदले हर कैंडिडेट से 8 से 10 लाख रुपए लिए। लीक हुआ पेपर उदयपुर में 150 कैंडिडेट्स और जयपुर में 30 कैंडिडेट्स को उपलब्ध करवाया गया। पेपर लीक में करीब 18 करोड़ रुपए का लेनदेन सामने आया है।

**ED के रडार पर और भी कई प्रॉपर्टी:** शिक्षक भर्ती परीक्षा में पेपर लीक के आरोपी दूसरी भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक करने वाले रैकेट का हिस्सा रहे हैं। आरोपी दूसरी भर्ती परीक्षाओं में डमी कैंडिडेट बैठाकर फर्जीवाड़ा करने में भी शामिल रहे हैं । ED इस मामले में आगे भी जांच कर रही है। जांच एजेंसी के रडार पर आरोपियों की और भी कई प्रॉपर्टी बताई जा रही हैं। जांच पूरी होने के बाद कुछ और लोगों की प्रॉपर्टी भी अटैच हो सकती है।

**बीजेपी सांसद ने की थी ईडी में शिकायत:** बीजेपी के राज्यसभा सांसद डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने पेपर लीक मामले में करोड़ों की मनी लॉन्ड्रिंग होने का आरोप लगाते हुए एऊमें शिकायत की थी। जांच एजेंसी ने प्राथमिकी दर्ज की थी। इसके बाद पेपर लीक के आरोपियों के ठिकानों पर छापेमारी की गई थी। जांच में मनी लॉन्ड्रिंग की पुष्टि हुई थी।

**5 जून को ED ने पेपर लीक के आरोपियों के ठिकानों पर छापेमारी की थी:** पेपर लीक मामले में 5 जून से ED ने प्रदेश भर में 28 से ज्यादा जगहों पर एक साथ छापेमारी की थी। जांच एजेंसी ने आरपीएससी मेंबर बाबूलाल कटारा, मास्टरमाइंड सुरेश ढाका और सुरेश कुमार बिश्नोई के घर से कई दस्तावेज जब्त किए थे। आरोपियों के आवास और ऑफिस को सील कर दिया गया था। इन छापों में पेपर लीक और रुपए के लेनदेन के सबूत जब्त किए गए थे।

---

### दिनदहाड़े पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष की हत्या, घटना के बाद इलाके में मचा हड़कंप

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** राजस्थान के सवाईमोधापुर में पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष की हत्या का मामला सामने आया है। बदमाशों ने पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी। दिनदहाड़े हुई इस वारदात के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक रुकमकेश मीणा राजकीय महाविद्यालय बामनवास में पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष रह चुका है।

#### NSUI से छात्रसंघ अध्यक्ष रह चुका है मृतक

बताया जा रहा है कि तीन आरोपियों ने रुकमकेश मीणा पर चाकु से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। घायल अवस्था में रुकमकेश को अस्पताल ले जाया गया। जहां रास्ते में ही युवक ने दम तोड़ दिया। 23 वर्षीय मृतक रुकमकेश मीणा पूर्व में ठरवक से छात्रसंघ अध्यक्ष रह चुका है।

#### घटना के बाद धरने पर बैठे लोग

घटना के बाद धरने पर बैठे लोगों ने मुख्यमंत्री के नाम अधिकारियों को पत्र देकर पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता मुहैया कराने तथा आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की। बता दें कि मृतक रकमकेश राजकीय महाविद्यालय बामनवास में पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष रह चुका है।

#### आक्रोशित ग्रामीणों ने किया रास्ता जाम

घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई और काफी संख्या में मौके पर मृतक के परिवारजनों के अलावा रिश्तेदार और ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और समझाइश का प्रयास किया, लेकिन आक्रोशित ग्रामीणों ने अस्पताल के सामने का रास्ता जाम कर दिया।

---

## मानहानि मामला : गहलोत दूसरी बार VC के जरिए दिल्ली की कोर्ट में हुए पेश

#### अब 28 अगस्त को होगी सुनवाई

**जयपुर।** गजेंद्र सिंह शेखावत मानहानि केस में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सोमवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में वीसी के जरिए पेश हुए। यह दूसरी बार है जब सीएम गहलोत वीसी के जरिए कोर्ट में पेश हुए हैं। इससे पहले गहलोत 7 अगस्त को वीसी के जरिए ही कोर्ट में पेश हो चुके हैं। अब इस मामले में अगली सुनवाई 28 अगस्त को होगी।

गजेंद्र सिंह शेखावत मानहानि केस में डॉक्यूमेंट स्क्रूटनिंग को लेकर आज दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान सीएम गहलोत उदयपुर दौरे पर थे। ऐसे में वो उदयपुर के सर्किट हाउद से वीसी के जरिये दिल्ली की कोर्ट में पेश हुई। अब कोर्ट ने 28 अगस्त को मामले की अगली सुनवाई तय की हैं। बता दें कि सीएम गहलोत को रिवीजन कोर्ट ने वीसी से पेश होने व बेल बॉड नहीं भरने की छूट दे रखी है।

#### वीसी के जरिए कोर्ट में पेश होने की छूट

गजेन्द्र सिंह शेखावत मानहानि मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने 6 जुलाई को सीएम अशोक गहलोत के खिलाफ समन जारी किया था। इसके खिलाफ सीएम गहलोत ने सेशन कोर्ट में रिवीजन फाइल की थी। लेकिन, उन्हें राहत नहीं मिली थी। हालांकि, उन्हें वीसी के जरिए कोर्ट में पेश होने की छूट गई थी। जिसके बाद सीएम गहलोत को 7 अगस्त को वीसी के जरिए कोर्ट में पेश हुए थे।

#### ये है पूरा मामला

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने फरवरी में कहा था कि संजीवनी घोटाले में गजेंद्र सिंह शेखावत के माता-पिता और पत्नी के साथ ही पूरा परिवार शामिल है। जिस पर शेखावत ने संजीवनी घोटाले में उन्हें और उनके परिवार को आरोपी बताने के मामले में सीएम गहलोत के खिलाफ मानहानि का दावा किया था।

---

## अंतरिम रिपोर्ट के आधार पर मुनेश गुर्जर को किया निलंबित: सरकार ने मेयर निलंबन केस में हाईकोर्ट में पेश किया जवाब

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** नगर निगम हेरिटेज की निलंबित मेयर मुनेश गुर्जर की याचिका पर सोमवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस इंद्रजीत सिंह की कोर्ट में सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने कोर्ट में अपना जवाब पेश किया। सरकार ने कहा- हमने अंतरिम रिपोर्ट के आधार पर मुनेश गुर्जर का निलंबन किया है। इस पर कोर्ट ने सरकार से अंतरिम रिपोर्ट तलब की है। मामले में मंगलवार को भी सुनवाई जारी रहेगी।दरअसल, मुनेश गुर्जर ने सरकार के निलंबन आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। पिछली सुनवाई में सरकार ने हाईकोर्ट से जवाब के लिए समय मांगा था। हाईकोर्ट में याचिका दायर करके मुनेश गुर्जर की ओर से कहा गया कि सरकार ने उनके निलंबन से पूर्व कोई जांच नहीं की। गलत तथ्यों के आधार पर आनन-फानन



में उन्हें निलंबित किया गया है, जबकि एसीबी ने ऋक्रमें याचिकाकर्ता को आरोपी भी नहीं माना हैं। दरअसल, मुनेश गुर्जर को स्वायत्त शासन विभाग ने उनके पति सुशील गुर्जर व अन्य दो दलालों को पट्टे बनाने की एवज में रिश्वत के मामले में एसीबी द्वारा गिरफ्तार करने के बाद 5 अगस्त को निलंबित किया था।

**विभाग ने प्रथम दृष्ट्या मानी मेयर की संलिप्तता:** मुनेश गुर्जर को निलंबित करने वाले आदेश में स्वायत्त शासन विभाग ने प्रथम दृष्ट्या उनकी संलिप्तता मानी है। आदेश में विभाग ने लिखा था कि पट्टे बनाने की एवज में मेयर पति सुशील गुर्जर और अन्य 2 दलालों को मेयर की उपस्थिति में उनके घर से एसीबी ने 2 लाख की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया।

वहीं जिस आवेदन पर पट्टा बनाया जाना था। उसकी फाइल भी मेयर के घर पर ही थी। इसके साथ ही सर्च में मेयर के घर से 40 लाख रुपए नकद बरामद किए गए। ऐसे में पूरे प्रकरण में प्रथम दृष्ट्या उनकी संलिप्तता प्रतीत होती है।

---

## त्रिनेत्र मंदिर से नड्डा करेंगे पहली परिवर्तन यात्रा की शुरूआत: 2 सितम्बर को होगी शुरूआत

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** विधानसभा चुनावों के मद्देनजर बीजेपी की प्रदेश में होने वाली 4 परिवर्तन यात्राओं की शुरूआत 2 सितम्बर को सवाई माधोपुर के त्रिनेत्र गणेश मंदिर से होगी। पहली यात्रा को बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके बाद संभवतः 3,4 और 5 सितम्बर को अमित शाह, राजनाथ सिंह और नितिन गड़करी अन्य तीन यात्राओ की शुरूआत कर सकते हैं। इसे लेकर कार्यक्रम तैयार किया जा रहा हैं। दरअसल, बीजेपी राजस्थान में चारों दिशाओं से परिवर्तन यात्राएं शुरू करेंगी। यह यात्राएं उत्तर में गोगामेड़ी



मंदिर (हनुमानगढ़), दक्षिण में बेणेश्वरधाम (डूंगरपुर), पूर्व में त्रिनेत्र गणेश मंदिर (सवाईमाधोपुर) और पश्चिम में रामदेवरा (जैसलमेर) से निकाली जाएगी।

**प्रदेश की 200 विधानसभाओं से निकलेगी यात्राएं:** बीजेपी की यह चारों परिवर्तन यात्राएं प्रदेश की 200 विधानसभा सीटें कवर करेगी। त्रिनेत्र गणेश मंदिर से शुरू होने वाली यात्रा 47 विधानसभाओं से गुजर कर जयपुर पहुंचेगी। वहीं, गोगामेड़ी मंदिर से निकलने वाली यात्रा 50 विधानसभा सीट कवर करेगी। रामदेवरा से निकलने वाली यात्रा 51 सीट और बेणेश्वरधाम से निकलने वाली यात्रा 52 विधानसभा सीटों से होकर गुजरेगी। इस तरह से करीब 23 दिनों में बीजेपी प्रदेश की 200 विधानसभा सीटें साधने के प्रयास में हैं।

**25 सितंबर को मोदी जयपुर में करेंगे समापन:** इन यात्राओं का समापन एक साथ जयपुर में होगा। 25 सितंबर को यात्राएं जयपुर पहुंचेंगी। यात्राओं के समापन पर जयपुर के धानक्या में बड़ी सभा आयोजित की जाएगी, जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संबोधित करेंगे। जयपुर का धानक्या बीजेपी के संस्थापकों में शामिल दीनदयाल उपाध्याय की जन्मस्थली है।

**सीपी, राजे, पूनिया और गजेंद्र सिंह को सौंपी जा सकती हैं जिम्मेदारी:** चारों यात्राओं के लिए बीजेपी को चार चेहरे सामने करने होंगे। यहीं बीजेपी के लिए सबसे बड़ी मशक्कत है। जानकार सूत्रों का कहना है कि इसी वजह से यात्रा की डेट फाइनल होने में इतना समय लगा। सूत्रों की मानें तो केंद्रीय नेतृत्व ने यह चार चेहरे लगभग फाइनल कर लिए हैं। यात्राओं का नेतृत्व प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और उप नेता प्रतिपक्ष सतीश पूनिया कर सकते हैं। यात्राओं में इन नेताओं के अलावा केंद्रीय मंत्री, केंद्रीय नेता, सांसद, प्रदेश पदाधिकारी और जिस विधानसभा से यात्रा निकलेगी उस विधानसभा में बीजेपी विधायक और विधायक प्रत्याशी यात्रा में मौजूद रहेंगे।

अपना शहर | गरीबों का सितारा
क्षेत्र का नं. 1 अखबार | हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com
जयपुर | मंगलवार, 22 अगस्त, 2023


पूर्वानुमान> 27°

| | मंगल | बुध | गुरु | शुक्र |
|---|---|---|---|---|
| अधिकतम> | 33°c | 32°c | 35°c | 33°c |
| न्यूनतम> | 25°c | 26°c | 25°c | 26°c |

# अघोषित बिजली कटौती को लेकर युवाओं का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन







**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**नारायणपुर (बिन्टू कुमार)।** कस्बे में अघोषित बिजली कटौती को लेकर सोमवार को युवा नेता राकेश दायमा के नेतृत्व में ग्रामीण और युवाओं ने एसडीएम कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान बिजली विभाग के खिलाफ युवाओं ने जमकर नारेबाजी की। राकेश दायमा के नेतृत्व में युवाओं ने हाथों में विरोध प्रदर्शन का बैनर और तख्तियां लेकर मुख्य बाजार से जनाक्रोश रैली निकालते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे। इस दौरान एसडीएम सुनील कुमार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। दायमा ने बताया कि बिजली विभाग की ओर से बिना सूचना के 8 से 10 घण्टे तक बिजली की कटौती की जा रही है। जिसको लेकर विभाग के अधिकारियों को कई बार शिकायत की गई। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने बताया कि विभाग के कर्मचारी अपनी मनमानी के चलते बिजली की कटौती कर रहें हैं। बिजली की कटौती से लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। क्षेत्र में बिजली 10-10 घंटे गायब रहती है। जिससे लोगों को पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। बच्चों की पढ़ाई में परेशानी हो रही है। विभाग के अधिकारी और कर्मचारी कोई जवाब नहीं देते हैं। जब कटौती को लेकर विभाग के अधिकारियों को फोन लगाया जाता है तो अधिकारी फोन तक नहीं उठाते है। इस मौके पर अभिषेक मीना, नमन, अशोक प्रजापत, शाहरुख खान, मुकेश गुर्जर, राकेश शर्मा, मनोज दायमा, कैलाश, उमेश, सुनील, शिवपाल सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण और युवा मौजूद रहे।

## पंचाग

दिनांक:-22 अगस्त 2023 मंगलवार
विक्रम संवत2080 श्रावन शुक्ल पक्ष

| | | |
|---|---|---|
| तिथि | षष्ठी | 27:05:22 |
| पक्ष | शुक्ल | |
| नक्षत्र | चित्रा | 06:30:23 |
| योग | शुक्ल | 22:16:18 |
| करण | कौलव | 14:37:11 |
| करण | तैतुल | 27:05:22 |
| चन्द्र राशि | तुला | |
| सूर्य राशि | सिंह | |
| दिशा शूल | उत्तर | |
| सूर्योदय(जयपुर) | | 06:02:38 |
| सूर्यास्त | 18:56:36 | |
| चंद्रोदय | 10:55:46 | |
| चंद्रास्त | 22:16:26 | |
| राहू काल | 15:43 - 17:20 | |
| अभिजित | 12:05 - 12:57 | |

**शुभ चोघडिया**

| | | |
|---|---|---|
| चर | 09:16 - 10:53 | शुभ |
| लाभ | 10:53 - 12:30 | शुभ |
| अमृत | 12:30 - 14:06 | शुभ |
| शुभ | 15:43 - 17:20 | शुभ |



**विशेष जानकारी:-**
वर्णषष्ठी :-आज
शील सप्तमी:-कल

ज्योतिषाचार्य
**भानुप्रकाश शास्त्री**

## 833 नेत्र रोगियों की निशुल्क जांच व दवा वितरण, 153 मरीज ऑपरेशन के लिए चिन्हित

**सितारा न्यूज नेटवर्क**




**नारायणपुर, (बिन्टू कुमार)।** डॉ.श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल एवं जिला अंधता निवारण समिति अलवर के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को कस्बे में स्थित अग्रवाल धर्मशाला में पूर्व यूआईटी चेयरमैन देवीसिंह शेखावत के द्वारा निशुल्क चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ चिकित्सक के द्वारा 833 मरीजों की आँखों की जाँच कर निशुल्क दवा वितरण की गई। शिविर का शुभारंभ सुबह 9 बाजे महामंडलेश्वर जनार्दन दास महाराज, विवेक नाथ महाराज, साध्वी विदुषी बाई, विजेंद्र दास महाराज द्वारा फीता काटकर किया गया। जिसमे देर शाम तक मोतियाबिंद, भैंगापन, नाखुना, काला पानी आदि बीमारी के मरीजों की जांचकर निशुल्क दवा दी गई। इस दौरान ऑपरेशन के लिए 153 मरीजों को चयनित किया गया। जिनका नारायणपुर से लाने-ले जाने सहित अलवर अस्पताल में मरीजों का निशुल्क ऑपरेशन किया जायेंगा। इस अवसर पर मरीजों को चाय, फल, बिस्कुट वितरण किया गया। नेत्र चिकित्सा शिविर में मुख्य अतिथि प्रवासी यमुना नगर विधायक घनश्याम अरोड़ा रहे। इस मौके पर रमेश रावत, सुरेन्द्र शर्मा, पवन गर्ग, सुल्तान सैनी, सत्येन्द्र शर्मा, ओमपाल राज चौहान, विजय गोठवाल, बद्री पटेल, लक्ष्मण प्रसाद, धुडाराम यादव, गोविंद अग्रवाल, अनिल गर्ग, ललतेश सोनी, महेश सेन, वैद्य भवानीशंकर शर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग को लेकर बाडी एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**सितारा न्यूज नेटवर्क**




**बाडी/अंकित गोयल।** बाड़ी इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स संगठन की ब्लॉक इकाई द्वारा पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग को लेकर राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नाम उपखंडाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। ब्लॉक अध्यक्ष प्रमोद मुद्गल के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में बताया है कि पिछले लगातार 5 वर्षों से पत्रकारों की मांग को सरकार द्वारा नजर अंदाज किया जा रहा हैं, जो उचित नहीं है, पत्रकार आपकी सरकार के जनहितकारी कार्यों को आम जनता तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। उनकी आप अनदेखी करेंगे तो निश्चित रूप से आपको एवं आपकी पार्टी के लिए ठीक नहीं होगा एक बार पुनः आपसे निवेदन है कि जाते-जाते राजस्थान में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करवाएं क्योंकि आए दिन पत्रकारों पर हमले हो रहे हैं, हाल ही में बिहार में एक पत्रकार की गोली मारकर हत्या की गई है, राजस्थान प्रदेश की वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए जहां कई तरह के माफिया सक्रिय हैं, जो आये दिन पत्रकारों पर हमले करते व धमकी देते है पत्रकारों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल है, जैसा कि आपकी कांग्रेस पार्टी के चुनाव मेनिफेस्टो में पिछली बार घोषणा की गई थी। लेकिन वह अभी तक अमल में नही लाई गई है। इसलिए अपने घोषणा पत्र को सिर्फ चुनावी घोषणा पत्र सीमित रखने की बजाय उसे अमल में लाने की क्रियान्विति करे, जिससे पत्रकार भय के माहौल में नही बल्कि निडर व निर्भीकता के साथ पत्रकारिता कर सके। ज्ञापन के दौरान वरिष्ठ पत्रकार बलवीर चौधरी, मलिक इमरान खांन, राजू शर्मा, शुभम भारद्वाज, रामदास तरुण, जुबेर पठान, अंकित गोयल, रोहित वर्मा, राजकुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

## भाजपा के केंद्रीय विधायक प्रवास योजना के तहत सोमवार को पहुंचे बस्सी, विधानसभा क्षेत्र का किया दौरा



**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**बस्सी (रामफूल मीणा)।** भाजपा के केंद्रीय विधायक प्रवास योजना के तहत सौमवार को पहुंचे बस्सी विधानसभा क्षेत्र का किया दौरा पूर्व मंत्री जितेंद्र मीणा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय विधायक प्रवास योजना के तहत बस्सी विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांवों का दौरा कर पार्टी को मजबूत कर आने वाले विधानसभा चुनाव में भारी बहुमत से विजय बनाने के लिए भाजपा के सैकड़ो कार्यकताओं से विचार विमर्श किया और अपने अपनी जिम्मेदारी के लिए संकल्प लिया

भाजपा के सोनीपत विधायक मोहनलाल कौशिक ने बस्सी विधानसभा प्रवास के दौरान भाजपा पदाधिकारियों से चर्चा की विधानसभा क्षेत्र बस्सी के पूर्वी मंडल की विभिन्न ग्राम पंचायतो बांसखोह ,जटवाड़ा बड़वा, भटेरी ,पाटन एवं अन्य गांवों में संगठनात्मक मजबूती के लिए पदाधिकारियों को प्रेरित किया और

उन्होंने मंडल के प्रत्येक पदाधिकारियों को सक्रिय रहकर पार्टी के लिए काम करने के लिए आह्वान किया और इस दौरान पूर्व अनुसूचित जनजाति मोर्चा भाजपा राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र मीणा, हेमंत मीणा, संभाग प्रभारी सोहन, विधानसभा विस्तारक महेन्द्र बोहरा, हरिकेश मीणा,मंडल अध्यक्ष गेंदी लाल मीणा एवं मंडल के सैकड़ों पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## एक हजार रुपए का इनामी बदमाश गिरफ्तार: ड्राइवर का अपहरण कर की थी मारपीट

**धौलपुर।** डीएसटी के साथ निहालगंज थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। वाटर वर्क्स चौराहे से गिरफ्तार किए गए इनामी बदमाश पर 2 साल पहले स्कॉर्पियो के साथ उसके ड्राइवर के अपहरण करने का मामला दर्ज है। डीएसटी प्रभारी घनश्याम चाहर ने बताया कि 9 जुलाई 2021 को जया पैलेस के पास से कुछ बदमाश एक स्कॉर्पियो गाड़ी को किराए पर ले गए थे। धौलपुर के चंबल पुल के पास पहुंचते ही स्कॉर्पियो में बैठे बदमाशों ने ड्राइवर रामलखन त्यागी को बंधक बना लिया। जिसके बाद बदमाश स्कॉर्पियो के साथ उसके ड्राइवर को अपने साथ ले गए। डीएसटी प्रभारी ने बताया कि मामले में 7 आरोपियों को पहले गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है, जबकि दो आरोपी अभी तक फरार थे। उन्होंने बताया कि अपहरण के मामले में फरार चल रहे आरोपी सुनील उर्फ करुआ (23) पुत्र सुरेंद्र गुर्जर निवासी मुरैना मध्य प्रदेश के वाटर वर्क्स चौराहे पर खड़े होने की सूचना मिली थी।

## महिला वर्ग में जोधावास, पुरुष वर्ग में नारायणपुर ने मारी बाजी

**सितारा न्यूज नेटवर्क**



**नारायणपुर (बिन्टू कुमार)।** कस्बे के खेल स्टेडियम में 17 अगस्त से चल रही ब्लॉक स्तरीय राजीव गाँधी ग्रामीण ओलंपिक खेल प्रतियोगिता में सोमवार को फुटबाल फाइनल मुकाबले में महिला वर्ग में जोधावास की टीम और पुरुष वर्ग में नारायणपुर की टीम विजेता रही। वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक सुमेर सिंह मीणा ने बताया कि महिला वर्ग का फुटबाल फाइनल जोधावास वर्सेज पडाक-छापली के बीच हुआ। जिसमे ग्राम पंचायत जोधावास की टीम 1-0 से विजय रही वही पुरुष वर्ग फाइनल में नारायणपुर वर्सेज सालेटा के बीच हुआ। जिसमे ग्राम पंचायत नारायणपुर 1-0 से विजय रही। ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता का समापन मंगलवार को थानागाजी खेल स्टेडियम में होगा।

समापन पर विजेता टीम और खिलाडियों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जायेंगा। इस मौके पर संयोजक राजकुमार यादव, सहसंयोजक सुनील कुमार यादव, रामसिंह घोसल्या, सत्येन्द्र यादव, रामसिंह बाजिया, विनोद कुमार, विजय चौधरी, रोशन, संतोष सिंघल आदि कार्मिक व दर्शकगण उपस्थित रहे।

## डॉक्टर्स वाइव्स क्लब ने धूमधाम से मनाया 'तीजोत्सव समारोह'



**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**रुपेश शर्मा /अलवर।** डॉक्टर्स वाइव्स क्लब द्वारा दिनांक 19 अगस्त 2023 को होटल शिवा पैलेस में 'तीजोत्सव समारोह' बड़ी धूमधाम से आयोजित किया गया। सदस्य अलका मित्तल ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 'तीजोत्सव समारोह' के अन्तर्गत सभी महिलाओं ने रंग बिरंगी रंग के वस्त्र पहनकर कई कार्यक्रम आयोजित किये गए जिसमे कार्यक्रम की शुरूआत गणेश जी महाराज की वन्दना एवं दीप प्रज्वलित करके की गयी खास तौर पर मनमोहक सावन से सम्बंधित विभिन्न गानों पर महिला सदस्यों ने नृत्य किया साथ ही सावन के गीतों पर झूले झूलकर खुशी का इजहार किया तथा एक दुसरे को बधाई देकर स्वयं ने भी ग्रुप में तीजोत्सव के गीत गाये एवं विभिन्न मनोरंजक सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा खेलो का जमकर लुफ्त उठाया। इसी मौके पर डॉक्टर्स वाइव्स क्लब की मंजू माथुर , अंजू अग्रवाल, अल्का मित्तल, शशि जैन , शशि बंसल, मोनिका , सुनीता बंसल, सुनीता जैन, चंचल सक्सेना , पुष्पा सिन्धी , आशा जैन, मधु, उषा, अर्चना, पुष्पा यादव, सुनीता मित्तल, सुनीता शर्मा, शशि शर्मा इत्यादि ने बढ़-चढ़कर भाग लिया ।

# प्रजापति समाज की 21 सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं का हुआ सम्मान





### प्रतिभाओं का सम्मान श्रेष्ठ कार्य - चम्पा लाल प्रजापति

**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** राष्ट्रीय कुम्हार महासभा जिला ब्यावर की ओर से प्रजापति समाज की प्रतिभाओं का सम्मान समारोह मुख्य अतिथि चम्पा लाल प्रजापति प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा भाजपा , अध्यक्षता वीरचंद भाई एस.प्रजापति राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूलाल रेनवाल कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष मोडी लाल सेम्बारा प्रदेश अध्यक्ष डूंगरमल प्रदेश मुख्य सचिव मोहनलाल बाबरिया प्रजापति समाज सुधार समिति मगरा क्षेत्र संरक्षक आदि के आथित्य में संपन्न हुआ । संयोजक व प्रदेश मंत्री राजेंद्र प्रजापति ने बताया कि प्रजापति समाज की 21 सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं का सम्मान किया गया सम्मानित होने वाली प्रतिभाओं में रुचिका प्रजापति एमबीबीएस में प्रवेश (राजकीय कोटे से )दीप्ति करगवाल बीएएमएस दीपिका प्रजापति नवनियुक्त कर्मचारी पोस्ट ऑफिस प्रदीप प्रजापति नवनियुक्त अध्यापक रामकिशन लेब सहायक संजय कुमार लेब सहायक निशा नवनियुक्त अध्यापक सरोज नव नियुक्त अध्यापक कृतिका प्रजापति कक्षा 10 में 88 प्रतिशत अंशिका प्रजापति 87 प्रतिशत धीरज प्रजापति 86 प्रतिशत दक्ष प्रजापति 89 प्रतिशत कक्षा 12 में सानिया प्रजापति 81 प्रतिशत पायल प्रजापति 94 प्रतिशत वैभव प्रजापति 97 प्रतिशत आदि सहित अनेक प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। स्वागताध्यक्ष नौरत मल प्रजापति ने स्वागत उद्बोधन में सभी का अभिनंदन करते हुए आभार व्यक्त किया। जिला मंत्री सुरेश प्रजापति ने बताया कि इससे पहले राष्ट्रीय कुम्हार महासभा नई दिल्ली की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक एवं प्रदेश कार्यकारिणी राजस्थान की बैठक की गई बैठक में सदस्यता अभियान राष्ट्रीय कुम्हार महासभा का विस्तार एवं प्रत्येक जिले में कार्यकारिणी बनाने का निर्णय लिया गया । जिला कोषाध्यक्ष मुकेश प्रजापति जिला उपाध्यक्ष परमेश्वर प्रजापति एडवोकेट दीपेश प्रजापति आदिं ने समारोह में पधारे सभी अतिथियों का दुपट्टा व माला पहनाकर स्वागत किया ।समारोह में मोहनलाल मुंलेरा प्रधानाचार्य प्रकाश प्रजापति, नारायण लाल दुगार्वास,कन्यालाल भीम, प्रकाश प्रजापति लोटियाना, अमित प्रजापति अध्यक्ष नवनिर्माण भवन समिति सीताराम प्रजापति प्रदेश उपाध्यक्ष पंचायत राज,जवरीलाल प्रजापति, महाराम प्रजापति जैतारण, लालचंद डेगाना , भीलवाड़ा से सोहन लाल प्रजापति सहित दिल्ली,बिहार,गुजरात, मध्यप्रदेश एवं अन्य राज्यों से राष्ट्रीय कुम्हार महासभा के पदाधिकारियों ने इस समारोह में भाग लिया।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## मैराथन, साईकिल, ट्राईसाईकिल रैली व प्रभात फेरी निकाल मतदाताओं को किया जागरूक



सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)**। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी, ब्यावर के निर्देशन में विधानसभा आम चुनाव 2023 के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसके तहत जवाजा ब्लॉक के समस्त माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालयों में विशेष कार्यक्रम मैराथन, साईकिल रैली, ट्राईसाईकिल रैली तथा प्रभात फेरी का आयोजन कर मतदाताओं को जागरूक किया गया।

स्वीप टीम प्रभारी सुनील कुमार व्यास ने बताया कि महाविद्यालय व विद्यालयों में गठित निर्वाचन साक्षरता क्लब, मतदाता जागरूकता क्लब और मतदाता जागरूकता मंच के सदस्यों द्वारा सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा व निर्वाचक सहभागिता को लेकर मतदाताओं को जागरूक किया गया । उन्होंने बताया कि नव मतदाताओं ने वोट मैराथन एवं साईकिल रैली का आयोजन कर निर्भीक मतदाता के रूप में मतदान करने का संकल्प लिया। मैराथन में हर सांस कीमती, हर वोट कीमती का संदेश दिया गया । मैराथन में ब्लॉक स्तर पर 8201 छात्र-छात्राओं, 533 शिक्षक-शिक्षिकाओं और 616 ग्रामवासियों ने भाग लिया।

दक्ष प्रशिक्षक कल्याण मल व दीपक चौरोटिया ने शहीद अमरसिंह उच्च माध्यमिक विद्यालय कालिंजर व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दुगार्वास में मैराथन के साथ ई वी एम तथा वी वी पेट का प्रदर्शन कर युवाओं, दिव्यांग जनों और महिलाओं को मतदान की कार्यप्रणाली समझाई साथ ही सबको मतदान की शपथ भी दिलाई ।

## प्रतिभा सम्मान समारोह को लेकर हुई बैठक





**जयपुर।** हरमाड़ा टोडी मोड निजी गार्डन में आगामी 27 अगस्त 2023 को ग्लोरियस रिसोर्ट सीकर रोड पर आयोजित होने वाले आमेर विधानसभा के जन सम्मान समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन उप जिलाप्रमुख जयपुर मोहन डागर की अध्यक्षता में हुआ। डागर ने बताया कि समारोह में आमजन, धर्मगुरुओं, एवं प्रतिभाओं को मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा जिसमें राजकीय सेवा में चयनित, समाजसेवी, भांमाशाह, साधु संत, विधार्थी शामिल होगे। बैठक में ये रहे मौजूद :- सहकारी समिति पूर्व अध्यक्ष हनुमान सहाय प्रधान, देवकरण महला, बी. एल. प्रधान, जितेन्द्र सैनी, बाबुलाल चौधरी, सुरज्ञान मीणा, विनोद कुमार वर्मा, कजोडमल बुनकर, वार्डपंच भंवरलाल सैनी, रामबाबू खोवाल, अर्जुन मीणा, बाबुलाल जाँगिड, कमलेश शर्मा, राजेश सबलानिया मौजूद थे।

## रैणी प्रधान प्रतिनिधी मांगेलाल मीना के नेतृत्व मे ईआरसीपी टीम ने रैणी एसडीओ मित्तल को सौपा ज्ञापन






सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर) महेश चन्द मीना ।** अलवर के रैणी-उपखंड कार्यालय पर राजगढ़ लक्ष्मणगढ़ विधानसभा क्षेत्र के रैणी प्रधान प्रतिनिधि मांगेलाल मीना रिटायर्ड चीफ इंजीनियर के नेतृत्व मे सोमवार को ईआरसीपी टीम ने रैणी एसडीओ गौरव मित्तल को ज्ञापन सौपा ज्ञापन में बताया गया कि हमारे रैणी क्षेत्र के सभी बान्धो को ईआरसीपी प्रोजेक्ट मे शामिल कर इन सभी को जोडा जावे। इस तरह से ईआरसीपी योजना से वंचित सभी बांधों को जोड़ने हेतु मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखा व ईआरसीपी की टीम के साथ रैणी एसडीओ गौरव मितल को ज्ञापन सोपते समय राजेश रामपुरा , रमेश टहटडा , प्रियांशु , रणवीर, कृष्ण , प्रतीक सैनी दानपुर, चेतराम बाजोली, उमेश डेरा, पप्पू रहचोली , डी.सी. भुलेरी , गोलू महेश बहादुरपुर सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे। मिडिया को यह सारी जानकारी आरडी बैरावण्डा के द्वारा दी गई है।

*भारतीय मार्शल आर्ट्स थांग ता को, स्कूली खेलों के कलेंडर में किया शामिल*

# डॉ पंकज गुप्ता राजस्थान अध्यक्ष ने बैठक के जरिये दी सभी थांगता खिलाड़ियों को बधाई









सितारा न्यूज नेटवर्क

**युवराज शर्मा/अलवर।** भारतीय मार्शल आर्ट्स थांग ता के राजस्थान संघ की विशेष बैठक आज अलवर में स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट्स सेल्फ डिफेंस एकैडमी में , थांग ता संघ राजस्थान के अध्यक्ष डॉ पंकज गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें पर्यवेक्षक के रूप में थांग ता महासंघ भारत के सचिव विनोद शर्मा एवं थांग ता वर्ल्ड के प्रेसिडेंट हुदीरोम प्रेम कुमार सिंह मणिपुर उपस्थित रहे। सोमवार की मीटिंग में थांग ता को राजस्थान में प्रत्येक जिले में सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में , बढ़ावा देने और इस खेल की जानकारी बढें और, अंडर 14,16 एवं 19 उम्र के सब जूनियर, जूनियर और सीनियर श्रेणी के लड़के और लड़कियां, कोच और निर्णायक इससे जुड़कर अपना कैरियर थांग ता खेल में बना सके और थांग ता मणिपुरी मार्शल आर्ट जिसको प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा गत वर्ष चार अन्य भारतीय पारंपरिक खेलों के साथ खेलो इंडिया में शामिल किया गया था का प्रचार प्रसार कर पूरे राजस्थान में इससे जनता को लाभान्वित करने के उद्देश्य से और इस खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह बैठक आहूत की गई थी। इस मौके पर थांग ता मार्शल आर्ट के राजस्थान इंडोर खेल स्टेडियम का उद्घाटन भी वर्ल्ड थांग ता प्रेसिडेंट हुदीरोम प्रेम कुमार सिंह, भारत थांग ता के सचिव विनोद कुमार शर्मा एवं राजस्थान थांग ता अध्यक्ष डॉ पंकज गुप्ता द्वारा किया गया। बैठक में मार्शल आर्ट के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी व कोच एवं राजस्थान थांग ता के विरिष्ठ उपाध्यक्ष सोमवीर सिंह तंवर, राजस्थान थांग ता के महासचिव चैन सिंह, कोषाध्यक्ष संजय सहारण, सदस्य अंकुश चौधरी, अलवर थांग ता के जिला अध्यक्ष अश्वनी जावली, डॉ उमाकांत गुप्ता, संदीप सिंह, महिंद्र, नितिन, निधि शर्मा, पवन कुमार, तनु, दिव्यांश , प्रदीप , सृष्टि, जय, तमन्ना, गुंजन, कीर्ति, कबीर,आदि उपस्थित रहे ।

*पुलिस,चिकित्सा व सामाजिक संगठन ने कॉलेज छात्राओं को किया जागरूक*

## छात्राओं ने जागरूकता कार्यक्रम में मिली जानकारी को जीवन में अपनाने का लिया संकल्प







सितारा न्यूज नेटवर्क

**वी.पी.मीणा / बहरोड़।** कस्बे के नारायण दास महिला महाविद्यालय में सोमवार को स्वास्थ्य एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सामाजिक संगठन प्रभारी अनुपमा रही। इस दौरान अपने उद्बोधन में बताया कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है ।स्वस्थ रहना ही जीवन का मूल मंत्र है ।इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद पार्क अस्पताल के डॉक्टर जितेंद्र सिंह यादव व संदीप यादव ने हार्ट अटैक के बचाव व उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। व डॉक्टर जितेंद्र ने हार्ट अटैक से बेहोश हो जाने की स्थिति में सीपीआर के माध्यम से अस्पताल तक पहुंचाने की क्रिया बताई व बताया कि आप सीपीआर से बेसुध अवस्था मे मरीज की जान बचा सकते हैं ।व कॉलेज छात्राओं को डमी पेशेंट पर प्रैक्टिकल करवा कर विस्तार से बताया। वही डॉक्टर छवि यादव ने वर्तमान महिला वर्ग पर मानसिक रोग को लेकर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में मौजूद पुलिस थाना बहरोड से सुष्मना चौधरी ने छात्राओं को बढ़ते अपराध के रोकथाम के लिए जानकारी दी। व बताया कि हमें अपने आपको मजबूती के साथ रहना है। हमें कमजोर महसूस नहीं होने देना। इस दौरान लोकेश मीणा उपाध्यक्ष, डॉ राजेश यादव प्राचार्य, नवीन कुमार यादव, सुनील कुमार यादव, हंसराज आर्य, संदीप यादव, अजीत सिंह, सोनू प्रजापत, अजय सिंह, अलका शर्मा, मंतोष सहित अन्य मौजूद रहे।

## लाइफलाइन रक्तदाता ग्रुप अब बना, लाइफलाइन फेडरेशन इंडिया



सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर (अनिल सिखवाल) ।** ब्यावर अंचल की परमार्थ सेवा कार्यों की अग्रणी संस्था लाइफ लाइन रक्तदाता ग्रुप अब वैश्विक स्तर पर विश्व स्वास्थ्य संगठन से सम्मानित होने के बाद संगठन बना लाइफ लाइन फेडरेशन ऑफ इंडिया संस्था का विस्तार किया गया जिसके अंतर्गत सोशल सोल्जर के रूप में नए पदाधिकारी की नियुक्तियां की गई ' जिसमें संस्था के संस्थापक लक्ष्मण सामरिया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय एक्सा लाइफ इंश्योरेंस के सीनियर ब्रांच हेड अजमेर अविनाश शर्मा जिन्होंने संस्था के साथ मिलकर 1 अक्टूबर को राष्ट्रीय रक्तदाता दिवस पर अपनी कंपनी के साथ में संपूर्ण भारत में रक्तदान शिविर आयोजित करने की पूर्व की घोषणा पर विचार विमर्श किया एवं संस्था के राष्ट्रीय प्रधान सचिव मनोज बारूपाल एवं मुख्य कोष संयोजक विजय गुप्ता व राष्ट्रीय समन्वयक निर्मला सामरिया एवं राष्ट्रीय महिला समन्वयक भारती बारूपाल को नियुक्त किया गया, साथ ही संस्था का प्रदेश संयोजक अशोक पवार,प्रदेश समन्वयक नरेंद्र कुमावत आर्य, प्रदेश संयोजक रक्तदान विंग महावीर कुमावत, प्रदेश संयोजक महिला विंग सीमा आदिवाल प्रदेश सह संयोजक आशीष माहेश्वरी एवं सुनील सकलेचा को नियुक्त किया गया ।इसके साथ ही जिला अजमेर के संयोजक पद पर अविनाश शर्मा नियुक्त किया गया ब्यावर जिला प्रचार प्रसार संयोजक गौरव सक्सेना व मीडिया संयोजक राकेश झांकल देहात संयोजक दिलीपसिंह चौहान जवाजा को नियुक्त किया गया संस्था के प्रधान सचिव मनोज बारूपाल को अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं सामाजिक न्यायिक संगठन के राष्ट्रीय निदेशक बनाने पर संस्था की ओर से साफा माला पहनाकर नागरिक अभिनंदन किया गया संस्थापक लक्ष्मणसामरिया ने समस्त पदाधिकारी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिला कर माला एवं रक्तदान का दुपट्टा पहना कर सम्मान कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी संस्था के प्रधान कार्यालय श्री प्लाजा में राष्ट्रीय जनहित में डिजिटल ब्लड बैंक बनाने पर एवं समस्त राज्यों एवं प्रदेश के समस्त जिलों एवं तहसील इकाईयों पर सोशल सोल्जर की नियुक्तियों पर विचार विमर्श किया।

## घर के बाहर से ट्रैक्टर चोरी की वारदात का खुलासा

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जोधपुर।** पुलिस कमिश्नरेट की सूरसागर थाना पुलिस ने ट्रैक्टर चोरी के एक मामले का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने आसपास की जगह के 1500 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज खंगाले। गिरफ्तार एक आरोपी के खिलाफ पूर्व में सरदारपुरा और महामंदिर थाने में तीन मामले दर्ज हैं।

## बड़ा भाई बहन भगा ले गया तो छोटे का किडनैप नाबालिग को राजस्थान से बाहर ले जाने की फिराक में थे

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जोधपुर।** जोधपुर शहर के निकट गांधी थाना क्षेत्र के राजवा इलाके से एक 16 साल के नाबालिग युवक का 4-5 बदमाशों ने किडनैप कर लिया। बदमाशों में एक युवक की बहन को इस नाबालिग युवक के बड़े भाई ने शादी की नीयत से भाग लिया था। इसी का बदला लेने के लिए बदमाशों ने यह अपहरण की वारदात की। तीन थानों की पुलिस ने 3 घंटे में ही नाकाबंदी कर इन बदमाशों को पकड़ लिया और अपराध किए गए किशोर को छुड़ा लिया। राजीव गांधी थाना प्रभारी शकील अहमद ने बताया कि रमेश पुत्र हुकमाराम भील निवासी रामपुरा बाड़मेर ने थाना पर रिपोर्ट पेश की कि उसके साले का लड़का पीयुष को कि 16 साल का है, को श्रवणराम, गंगाराम व दो-तीन अन्य व्यक्ति जबरदस्ती मारपीट कर उठाकर कैम्पर गाड़ी में डाल कर ले गए हैं।

अपहरण की सूचना मिलते ही पुलिस आयुक्त महोदय रविदत्त गौड़ एवं उपायुक्त पश्चिम गौरव यादव ने गंभीरता से लिया। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त चंचल मिश्रा एवं एसीपी वृत प्रतापनगर अशोक आंजणा के निकट सुपरविजन में टीम बनाई गई।

इस पर पुलिस को सूचना मिली कि जिस गाड़ी में अपहरण हुआ है वह मण्डली बाड़मेर की तरफ जा रही है। जिस पर थानाधिकारी बालेसर व थानाधिकारी ओसियां को उक्त घटना के बारे बताया और नाकाबन्दी करवाई गई।

जिस पर किडनैपर्स ने कैम्पर से अपहत किशोर को मारुति ईको वाहन में बैठा दिया। इसके बाद आगोलाई से औसियां की तरफ भारतमाला रोड पर चले गए।

## एक दिवसीय मुख्य संभाग स्तरीय कार्यकताओं का सेमिनार (कैडर कैंप) का हुआ समापन



सितारा न्यूज नेटवर्क

**धौलपुर/अंकित गोयल ।** डॉ. राजाराम एवं भरतपुर की समस्त टीम के संरक्षक श्रद्धेय भानुप्रताप सिंह" अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट, दिल्ली के द्वारा दिनांक 20 अगस्त 2023 को समय प्रातः 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक कबीर वाटिका भरतपुर में मुख्य सम्भाग स्तर पर एक दिवसीय कार्यकताओं का सेमिनार (कैडर कैंप) का समापन संपन्न हुआ । समता सैनिक दल के राष्ट्रीय सचिव वी के कंचन बौद्ध ने बताया कि अतिथियों द्वारा गौतम बुद्ध बाबा अंबेडकर के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता भानु प्रताप सिंह के द्वारा बाबा साहब अंबेडकर की विचारधाराओं तथा उनके जीवन संघर्ष पर व कानूनी धाराओं के बारे में बारीकियों से लोगों को समझाया गया।



उक्त कार्यक्रम में धौलपुर से समता सैनिक दल एवं भारतीय बौद्ध महासभा के पदाधिकारी उपस्थित रहे । भारतीय बौद्ध महासभा के जिला अध्यक्ष रोशन लाल, जल सिंह, बृजेश व्यास, कुमर सेन कासिमपुर, सुरेंद्र व्यास ,वहोरीलाल, बीधाराम एडवोकेट, मोतीलाल धौर्य, संजय सोलंकी, समता सैनिक दल के जिला अध्यक्ष राकेश राजोरिया, उपाध्यक्ष भीकाराम बौद्ध, महासचिव नारायण सिंह शेखर, कोषाध्यक्ष राजेश बौद्ध, मीडिया सचिव सौरव बौद्ध ,संगठन सचिव बंटी बौद्ध ,रामदास नेताजी प्रचार सचिव रघुवीर बौद्ध ,निरंजन सिंह ,परसोत्तम, मोहित बौद्ध , मनीष बौद्ध उपस्थित रहे । उक्त जानकारी समता सैनिक दल के जिलाध्यक्ष राकेश राजोरिया ने दी ।

# बैरेर पंचायत के पात्र जनाधार लाभार्थियो को मुफ्त में दिए इन्दिरा गांधी स्मार्टफोन

**उपखंड मुख्यालय पर एक ही दिन में सोमवार को 200 स्मार्टफोन फोन किए वितरित**

**लाभार्थी महिलाएं खुश,स्मार्टफोन प्राप्त कर जताया जननायक गहलोत का आभार**





सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी-उपखंड मुख्यालय पर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर मे इन्दिरा गांधी स्मार्टफोन अनवरत रूप से वितरण हो रहे है जो सोमवार को बैरेर पंचायत के पात्र जनाधार परिवार के लाभार्थियो को 200 स्मार्टफोन वितरण कर अलवर मे सारी पंचायत समितियो मे अव्वल स्थान पर रही।

रैणी प्रोग्रामर अरविन्द कुमार मीना ने इन्दिरा गांधी स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम की व्यवस्था बहुत सुविधाजनक कर रखी है और प्रोग्रामर मीना की सहायता के लिए प्रकाश चन्द व हरिमोहन मीना सहित बीएसओ कार्यालय से राकेश कुमार व सोनू भीमवाल सहित ब्लॉक के सभी विभागो से रैणी-उपखंड अधिकारी /बीडीओ/तहसीलदार ने अनेक कर्मचारियो को लगा रखा है जो आमजन की लगातार सेवा मे लगे हुए है। इस कार्यक्रम मे पुलिस प्रशासन का भी अच्छा सहयोग मिल रहा है तथा फोन वितरण मे राजेश गोयल रैणी अपनी टीम के साथ लगातार सेवा दे रहा है और स्मार्टफोन मे वीआई कम्पनी की सिम कार्ड देने का काम लगातार बिजेन्द्र कुमार शर्मा (रैणी ) की टीम के द्वारा किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की मोनिटरिंग रैणी एसडीओ गौरव मित्तल व रैणी बीडीओ तथा रैणी तहसीलदार द्वारा भी लगातार की जा रही है ।मिडिया को यह सारी जानकारी प्रोग्रामर अरविन्द कुमार मीना व प्रकाश चन्द व राकेश कुमार व सोनू भीमवाल( राजीव गांधी युवा मित्र )के द्वारा दी गई है।

## चिंतन

# चीनी अर्थव्यवस्था का संकट गहराया

यूं तो वैश्विक अर्थव्यवस्था ही सुस्ती के दौर से गुजर रही है। आईएमएफ के मुताबिक, ग्लोबल जीडीपी तीन फीसदी के करीब वर्षों से बनी हुई है। जापान, अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोपीय अर्थव्यवस्था पिछले एक दशक से धीमी विकास दर के संक्रमण से गुजर रही हैं। रूस, तुर्किये, अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोप और जापान जैसे मजबूत देश उच्च महंगाई दर का सामना कर रहे हैं। हालांकि इस दौरान दुनिया की मैन्युफैक्चरिंग राजधानी माने जाने वाले चीन की अर्थव्यवस्था जरूर टिमटिमा रही थी, साढ़े छह फीसदी की दर से आगे बढ़ रही थी, लेकिन कोविड महामारी के बाद से वह भी लगातार ग्रोथ संकट से दोचार हो रही है। चालू वर्ष की पहली छमाही में चीन की विकास दर 5.5 फीसदी रही है, वर्ष 2023 में 5.2 फीसदी रहने का अनुमान है और 2024 में 4.5 फीसदी रहने का अनुमान लगाया गया है। ये आंकड़े दिखाते हैं कि चीन की आर्थिक चाल मंथर हो गई है। चीन के सुस्त ग्रोथ का असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी पड़ेगा। आज समूचे विश्व की अर्थव्यवस्था इंटरलिंक्ड है। वैश्विक स्थिति से उलट भारतीय अर्थव्यवस्था तेज गति से आगे बढ़ रही है, अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष, विश्व बैंक ने भारत की जीडीपी तेज रहने का अनुमान जताया है। वैश्विक रेटिंग एजेंसियां मूडीज, एसएंडपी, नोमुरा, क्रिसिल, मोर्गन स्टेनली आदि ने भारत की विकास दर की स्थिति को लेकर सकारात्मक रेटिंग दी है। अमेरिकी समाचार पत्र 'वॉल स्ट्रीट जर्नल' (डब्ल्यूएसजी) के मुताबिक, दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी चीन की अर्थव्यवस्था अब गहरे संकट में है और उसका 40 साल का सफल वृद्धि मॉडल चरमरा गया है। अर्थशास्त्री अब मानते हैं कि चीन बहुत धीमी वृद्धि के युग में प्रवेश कर रहा है। प्रतिकूल जनसांख्यिकी और अमेरिका तथा उसके सहयोगियों के साथ बढ़ती दूरियों से स्थिति और खराब हो गई है, जो विदेशी निवेश व व्यापार को खतरे में डाल रहा है। यह केवल आर्थिक कमजोरी का दौर नहीं है बल्कि इसका असर लंबे समय तक दिख सकता है। बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स के आंकड़ों के हवाले से कहा गया कि सरकार व राज्य के स्वामित्व वाली कंपनियों के विभिन्न स्तरों के कर्ज सहित कुल ऋण 2022 तक चीन के सकल घरेलू उत्पाद का करीब 300 प्रतिशत हो गया था, जो अमेरिकी स्तर को पार कर गया। यह 2012 में 200 प्रतिशत से भी कम था। दूसरी ओर, चीन के राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो (एनबीएस) ने जून में कहा था कि चीन का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 2023 की पहली छमाही (एच1) में सालाना आधार पर 5.5 प्रतिशत बढ़ा। हालांकि चीन की विकास दर कम रहने के बावजूद चीनी अर्थव्यवस्था बड़ी है, मजबूत है, फिर भी इससे भारत समेत विश्व की दूसरी अर्थव्यवस्थाएं भी प्रभावित होंगी। अर्थव्यवस्था का अपना चरित्र होता है। वह कृषि से शुरू होती है, उद्योग-धंधे के चरण में प्रवेश करती है, फिर सेवा क्षेत्र में विस्तार करती है और उसके बाद हाईएंड टेक्नोलॉजी की तरफ आगे बढ़ती है। अंत में वह सभी के सम्मलित विकास से विकसित व आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था बनती है। चीन ने मैनुफैक्चरिंग के दौर का लाभ उठाया है, जबकि भारत ने सेवा क्षेत्र का फायदा उठाया है। वैश्विक मांग में मंदी के बावजूद सेवा क्षेत्रों में वृद्धि की बदौलत चालू वर्ष में भारत का पहली छमाही में विदेश व्यापार 800 अरब डॉलर पार कर गया है।



**तीन नए विधेयक**
प्रो. नीलम महाजन सिंह

केंद्र सरकार ब्रिटिश साम्राज्य से आज़ादी के 76 वर्षों बाद अब अंग्रेजों के बनाए पुराने भारतीय दंड संहिता, 1860 (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता, 1898, 1973 (सीआरपीसी), व भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 (एविडेंस एक्ट) को समाप्त करते हुए उनके स्थान पर तीन नए कानून- भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 व भारतीय साक्ष्य विधेयक-2023 लाने जा रही है। इनसे ना केवल दंड विधान का चेहरा बदलेगा, बल्कि 21वीं सदी के भारत की न्यायिक ज़रूरत भी पूरी होगी। अभी इन बिलों की कानूनी यात्रा लंबी है, पर यह औपनिवेशिक गुलामी के अंत की यात्रा है।

# औपनिवेशिक कानूनों का अंत

भारत तेज़ी से बदलाव की ओर अग्रसर है। एक एक करके गुलामी के प्रतीकों से मुक्ति पाई जा रही है। अब अंग्रेजों के बनाए कानूनों को बदला जा रहा है। नए भारत में इसकी सख्त ज़रूरत है। न्यायिक सुधार व पुलिस सुधार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए दंड संहिता में सुधार की आवश्यकता है। केंद्र सरकार ब्रिटिश साम्राज्य से आज़ादी के 76 वर्षों बाद अब अंग्रेजों के बनाए पुराने भारतीय दंड संहिता, 1860 (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता, 1898, 1973 (सीआरपीसी), व भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 (एविडेंस एक्ट) को समाप्त करते हुए उनके स्थान पर तीन नए कानून- भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 व भारतीय साक्ष्य विधेयक-2023 लाने जा रही है। इनसे ना केवल दंड विधान का चेहरा बदलेगा, बल्कि 21वीं सदी के भारत की न्यायिक ज़रूरत भी पूरी होगी। 21वीं सदी के भारत को 19वीं सदी के कानूनों व विधानों से नहीं चला सकते हैं। भारत के नागरिकों के सम्मान, स्वाभिमान, स्वतंत्रता और गरिमा की रक्षा करना ज़रूरी है।

दंड व साक्ष्य विधान में सुधार के लिए, लाए जा रहे कानूनों के अमल में आने के बाद हमें अनेक बदलाव देखने को मिलेंगें। सबसे बड़ा बदलाव तो यह दिखेगा कि 'राजद्रोह' कानून निरस्त हो जाएगा। अब 'देशद्रोह' का प्रावधान किया गया है। 'राजद्रोह' ब्रिटिश काल का शब्द है। राजद्रोह की सुप्रीम कोर्ट, बहुत आलोचना कर चुकी है। धारा-150 के तहत राष्ट्र के खिलाफ कोई भी कृत्य, चाहे बोला हो या लिखा हो, या संकेत या तस्वीर या इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से किया हो, तो न्यूनतम 7 साल से उम्रकैद तक की सजा संभव होगी। अभी आईपीसी की धारा 124-ए में राजद्रोह के लिए 3 साल से उम्रकैद तक सजा है। 'आतंकवाद' शब्द को भी परिभाषित किया गया है। सशस्त्र विद्रोह, विध्वंसक गतिविधियों, अलगाववादी गतिविधियों या भारत की संप्रभुता या एकता व अखंडता को खतरा पहुंचाने वाली गतिविधि के लिए नए प्रावधान जोड़े गए हैं। सरकार के खिलाफ नफरत, अवमानना, असंतोष पर दंडात्मक प्रावधान नहीं होंगे, लेकिन राष्ट्र के खिलाफ कोई भी गतिविधि दंडनीय होगी। धारा-377 को पूर्ण रूप से हटाकर समलैंगिकता व सहमति या गैर-सहमति से हुए अप्राकृतिक संबंधों को वैध घोषित कर दिया जाएगा। शादी, रोजगार, प्रमोशन, झूठी पहचान आदि के झूठे वादे के आधार पर यौन संबंध बनाना अपराध होगा। गैंगरेप के लिए 20 साल की कैद या आजीवन जेल की सजा होगी। नस्ल, जाति, समुदाय आदि के आधार पर पांच या अधिक लोगों द्वारा मॉब लिंचिंग के लिए न्यूनतम सात साल की कैद या आजीवन कैद या मृत्युदंड की सजा होगी। बच्चों को अपराध में शामिल करने पर कम से कम 7-10 साल की सजा होगी। चोरी, सेंध लगाने जैसे कम गंभीर मामलों में संक्षिप्त सुनवाई यानी समरी ट्रायल अनिवार्य कर दिया गया है। पहली बार छोटे-मोटे अपराधों (नशे में हंगामा, 5 हज़ार से कम की चोरी) के लिए 24 घंटे की सज़ा या एक हज़ार रुपये जुर्माना या सामुदायिक सेवा करने की सज़ा हो सकती है। अभी ऐसे अपराधों पर जेल भेजा जाता है। अमेरिका, ब्रिटेन में ऐसे ही कानून हैं।



चूंकि आज नई तकनीकों का इस्तेमाल बढ़ा है। इसे देखते हुए साक्ष्य अधिनियम में बड़े बदलाव होंगे। अब 'दस्तावेज़' का मतलब इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल रिकॉर्ड, ईमेल, सर्वर लॉग, कंप्यूटर में फाइलें, स्मार्टफोन/लैपटॉप संदेश; वेबसाइट, लोकेशन डाटा; डिजिटल उपकरणों पर मेल संदेश शामिल हो जाएंगे। एफआईआर, केस डायरी, चार्जशीट व फैसलों का डिजिटलीकरण ज़रूरी कर दिया गया है। इसमें सम्मन और वॉरंट जारी करना, तामील करना, शिकायतकर्ता और गवाहों की जांच, साक्ष्य की रिकॉर्डिंग, मुकदमेबाजी और सभी अपीलीय कार्यवाही शामिल हैं। थानों व अदालतों में ईमेल के रजिस्टर होंगे। पुलिस की ओर से किसी भी संपत्ति की तलाशी व ज़ब्ती अभियान की वीडियो रिकॉर्डिंग आवश्यक होगी। रिकॉर्डिंग बिना किसी देरी के संबंधित मजिस्ट्रेट को भेजी जाएगी। अब नागरिक देश में कहीं भी एफआईआर दर्ज करवा सकेंगे। इसमें संबंधित धाराएं भी जुड़ेंगी। अब तक ज़ीरो एफआईआर में धाराएं नहीं जुड़ती थीं। 15 दिन में ज़ीरो एफआईआर, संबंधित थाने को भेजनी होगी। हर ज़िले में पुलिस अधिकारी, गिरफ्तारी से पहले परिवार को प्रमाण पत्र देगा कि वे गिरफ्तार व्यक्ति के लिए ज़िम्मेदार हैं। जानकारी ऑनलाइन व व्यक्तिगत देनी होगी। एफआईआर से फैसले तक सब ऑनलाइन, डिजिटल रिकॉर्ड्स को वैधता देने से लेकर, कोर्ट के फैसले तक पूरा सिस्टम डिजिटल व पेपरलेस होगा। सर्च व ज़ब्ती की वीडियो ग्राफी होगी। जांच फोरेंसिक विज्ञान पर आधारित होगी।

गृह मंत्री अमित शाह ने इस मानसून सत्र के दौरान 11 अगस्त को लोकसभा में 163 साल पुराने आईपीसी, सीआरपीसी व एविडेंस एक्ट; में बदलाव के लिए तीन बिल पेश किए हैं। नए विधेयकों के मुताबिक, आईपीसी में 511 धाराएं हैं, जो अब 356 ही बचेंगी। 175 धाराओं में परिवर्तन किया गया है। 8 नई धाराएं जोड़ी जाएंगी, 22 धाराएं खत्म होंगी। इसी तरह सीआरपीसी में 533 धाराएं बचेंगी। 160 धाराएं बदलेंगी, 9 नई जुड़ेंगी, 9 खत्म होंगी। पूछताछ, इनक्वायरी से ट्रायल तक वीडियो कॉन्फ्रेंस से करने का प्रावधान होगा, जो पहले नहीं था। अब ट्रायल कोर्ट को हर फैसला अधिकतम 3 साल में देना होगा। अब 180 दिन में चार्जशीट, ट्रायल के बाद 30 दिन में फैसला, पुलिस को 60 दिन में आरोप पत्र दाखिल करना होगा। कोर्ट इसे 90 दिन बढ़ा सकेगी। फैसला एक सप्ताह के भीतर ऑनलाइन अपलोड करना होगा। सभी अदालतें 2027 तक कंप्यूटरीकृत होंगी।

सरकारें सज़ा में छूट का सियासी इस्तेमाल ना कर सके, इसलिए अब मौत की सज़ा, सिर्फ आजीवन कारावास और आजीवन कारावास को 7 साल तक की सज़ा में बदला जा सकेगा। चुनाव में मतदाता को रिश्वत देने पर एक साल की कैद की सजा होगी। पहली बार अपराध करने वाले व्यक्ति को कुल कारावास का एक-तिहाई समय जेल में बिताने पर ज़मानत दे दी जाएगी। 'फरार' घोषित अपराधी के बगैर भी मुकद्दमा चल सकेगा। इससे जघन्य अपराधियों के ट्रायल संभव होंगे। सिविल सर्वेंट्स पर मुकदमा चलाने के लिए 120 दिन के भीतर अनुमति देनी होगी। तीनों बिलों को संसद की स्थाई कमेटी के पास भेजा गया है। अभी इन बिलों की कानूनी यात्रा लंबी है, पर यह औपनिवेशिक गुलामी के अंत की यात्रा है। सारांशार्थ यह कहना उचित होगा कि प्रजातंत्र में सिविल या फौजदारी कानून, जनता के अधिकारों व 'सिविल चार्टर' के रूप में होना चाहिए। यद्यपि कि समय-समय पर आईपीसी, सीआरपीसी, एविडेंस एक्ट में कुछ संशोधन हुए हैं, परन्तु अभी तक ये उपनिवेशवादी कानून, मानवाधिकारों का हनन व शोषण कर रहे थे। ये नव समावेशी कानून, आज़ादी के अमृत-काल में, संविधान के अनुसार, मौलिक अधिकारों के संरक्षण के लिए प्रशंसनीय व प्रोग्रेसिव निर्णय है।

(लेखिका वरिष्ठ पत्रकार, राजनैतिक विश्लेषक, सॉलिसिटर फॉर ह्यूमन राइट्स संरक्षण व परोपकारक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

**ग्लोबल बिजनेस ट्रेंड**
भूपेंद्र भारतीय



# चीन छोड़ रही बड़ी कंपनियां


भारत में पिछले छः वर्ष का सबसे बड़ा निवेश इस वर्ष की तिमाही में ही आ गया है। 2023 में अब तक 1. 47 हजार करोड़ रुपये का विदेशी निवेश शेयर बाजार में आ चुका है, जो पिछले 6 साल से ज्यादा है। इनमें अभी 9 अरब डॉलर मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तिमाही में आ चुके थे। इसकी बड़ी वजह है कि दुनिया सप्लाई के लिए चीन पर निर्भरता घटाना चाहती है। इसलिए बड़ी कंपनी वहां से निकल रही है। विदेशी निवेशक अगले 10 साल में चीन की अर्थव्यवस्था को लेकर ज्यादा आशान्वित नहीं है। वे भारत में भविष्य देख रहे हैं, इनमें अमेरिकी और यूरोपीय निवेशक भी है। विदेशी निवेशकों ने मई में चीन के बाजारों से 17.1 अरब डॉलर के शेयर बेचे। पिछले साल मई में ही है आंकड़ा 65. 9 करोड डॉलर था। इस स्थिति के पीछे कम्युनिस्ट पार्टी का व्यापारियों व अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के प्रति दबाव की नीति व चीन में आर्थिक क्षेत्र में लोकतांत्रिक मूल्यों का भारी आभाव प्रमुख कारण है। इसलिए ना सिर्फ कोविड महामारी के समय से ही बल्कि उसके बाद अब तक कम्युनिस्ट चीन से कंपनियां भाग रही हैं। वहीं बहुराष्ट्रीय कंपनियों का चीन से भागना चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग की सरकार को कितना अखर रहा है, वह इस नुकसान की भरपाई करने व अपनी सरकार के निरंकुश तंत्र को अच्छा दिखाने के लिए अपने मीडिया में खबरें चलाता है, जिसका उदाहरण चीन के सरकारी मीडिया ग्लोबल टाइम्स के संपादकीय से लिया जा सकता है। विगत दिनों ग्लोबल टाइम्स लिखता है- 'अब इसमें तनिक भी शक की गुंजाइश नहीं कि चीन अब आर्थिक प्रगति की राह पर लौट आया है और वह फिर से वैश्विक पटल पर एक चमकते सितारे के रूप में स्थापित हो रहा है, ऐसे में यह देखना विचित्र लगता है कि कुछ विदेशी कंपनियां अपने आर्थिक फैसले, धारा के विपरीत ले रही हैं।' यही नहीं लिविंगस्टोन ने यहां तक कहा कि हम एक दशक से यह ट्रेंड देख रहे हैं कि चीन से निकलकर कंपनियां मैक्सिको और वियतनाम आदि देशों में जा रही हैं। उन्होंने कहा कि वे इलेक्ट्रानिक चिप के बिजनेस को भी चीन से बाहर जाते देख रहे हैं, क्योंकि पूरी दुनिया ने देखा कि किस तरह से चीन ने कोविड के दौरान फोन से लेकर कार तक की इलेक्ट्रानिक चिप की आपूर्ति पर रोक लगा दी थी।

चीन से अब इलेक्ट्रानिक्स चिप की कंपनियां अपना बोरिया बिस्तर समेट रही हैं। सबसे ज्यादा प्रभावित कंपनी एप्पल ने इस काम को पहले कर दिया। इसके अलावा गूगल, अमेजन, सैमसंग व वोल्वो ने भी चीन से निकलना शुरू कर दिया है। चीन इस समय न केवल इलेक्ट्रोनिक्स, बल्कि परिधान, फुटवियर, फर्नीचर और ट्रेवेल गुड्स का बिजनेस भी खो रहा है। अमेरिकन एंटरप्राइजेज इंस्टीट्यूट के सीनियर फेलो डेरेक स्कीजर्स का कहना है कि कमजोर होती चीनी अर्थव्यवस्था, कोविड के कड़े नियम, बदले की कारवाई के तहत व्यापार संबंधी प्रतिबंध और कम्युनिस्ट चीन की कई मोर्चों पर युद्ध जैसी स्थिति के बाद चीन में अब बिजनेस करना काफी कठिन हो गया है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों का चीन से मोह भंग एक दिन में नहीं हुआ है। कम्युनिस्ट चीन में इसकी एक दल व एक व्यक्ति की सरकार द्वारा मानवाधिकार का हनन, बौद्धिक संपदा की चोरी, व्यापार पर कई प्रकार के प्रतिबंध, बाजार में मनमाफिक घालमेल और कंपनियों के बोर्ड में चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्यों का अनिवार्य प्रवेश ये सब बाहर की कंपनियां लगातार झेल रही हैं और अब ये उनको नागवार गुजर रहा है। फिर चीन का लेबर मार्केट सिकुड़ रहा है। चीन का कामगार बुजुर्ग हो रहा है। गरीबी पर काबू पाने के बाद से चीन में मजदूरों का मिलना भी मुश्किल हो रहा है।

विश्व मीडिया के अनुसार स्वयं के द्वारा फैलाई गई कोविड महामारी के दौरान कठोर लॉकडाउन ने चीनी मजदूरों के पलायन को काफी बढ़ा दिया है। अमेरिकी इंवेस्टमेंट बैंकिंग कंपनी मॉर्गन स्टेनली की रिपोर्ट में कहा गया है कंपनियों के लिए भारत में मैन्युफैक्चरिंग बढ़ने के अनुकूल हालात हैं। मॉर्गन स्टेनली के मुताबिक, दुनिया की बड़ी कंपनियां जोखिम कम करने और चीन,अमेरिका जैसे बड़े देशों की तकरार से बचने के लिए सप्लाई चेन में तब्दीली ला रही हैं। इसका सबसे ज्यादा फायदा भारत, मैक्सिको और दक्षिण पूर्वी एशिया के देशों को मिलेगा। जिसके चलते 8 साल में ही भारत में मैन्युफैक्चरिंग बेस तीन गुना तक हो सकता है। आने वाले समय में भारत ढेर सारे वस्तुओं का निर्माण ( मैन्युफैक्चरिंग) करेगा। इससे पहले जब ट्रंप के कार्यकाल में अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध शुरू हुआ था, तो कई अमेरिकन कंपनियां चीन छोड़कर दूसरे देशों में जाने लगीं। इनमें से कई कंपनियों ने भारत में अपने दफ्तर खोले। भारत के लिए नए मौके हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## सर्प पर्यावरण को संतुलित रखते हैं



संकलित
**दर्शन**

सामान्यतया सर्प अपनी भयंकरता के लिए जाने जाते हैं। पर दो बड़े देवता उन्हें अंगीकार किए हुए हैं। एक तो संसार के पालक विष्णु जी, जो उन्हें अपनी शय्या बनाए हुए हैं और दूसरे देवों के देव भगवान शंकर, जो उन्हें हारतुल्य कंठ में डाले हुए हैं। फिर वे पूज्य क्यों न माने जाएं? सर्प पर्यावरण को संतुलित रखते हैं। कृषि के शत्रु और मानवता के क्षतिकारक चूहों व कीट आदि का भक्षण करते रहते हैं और विष को आत्मसात करते हैं। दंश वे तभी देते हैं, जब दब-कुचल जाएं या उन्हें ऐसा कोई भ्रम हो जाए। वे अनेक औषधियों के निर्माण में भी सहायक होते हैं। सर्पों की अनेक प्रजातियां विषहीन भी होती हैं। शास्त्रों के अनुसार, वे शेषनाग के रूप में पृथ्वी को धारण करते हैं और वासुकि के रूप में कष्ट उठाकर समुद्र मंथन में रज्जु का काम करते हैं। रावण जैसे राक्षसों के संहार में शेषावतार लक्ष्मण रूप से श्रीराम की सहायता करते हैं। वराह पुराण के अध्याय 24 में एक कथा आई है। सर्पगण कश्यप ऋषि व उनकी पत्नी कद्रू की संतान हैं। उनसे अनंत, वासुकि, कंबल, कर्कोटक, पद्म, महापद्म, शंख, कुलिक, पापराजिल आदि सर्प हुए। ये गरुड़ के सौतेले भाई हैं, जो ऋषि की अन्य पत्नी विनता से जन्मे। जब ये मानवता को कष्ट देने लगे, तो ब्रह्मा जी ने वासुकि आदि को बुलवा कर डांटा और अभिशप्त किया। सर्पों द्वारा अनुनय-विनय करने पर उन्हें रहने के स्थान सीमित किए और काटने की भी सीमा रेखाएं खींची। यह सारा वृत्तांत पंचमी तिथि को हुआ।

## अगस्त्य ऋषि ने पक्षी की इच्छा पूरी की



संकलित
**प्रेरणा**

अगस्त्य नाम के ऋषि थे वे समुद्र के किनारे कठोर व्रत कर रहे थे, वहाँ से कुछ दूरी पर एक पक्षी अपने अंडों को से रहा था। उसी समय समुद्र में तूफान सी लहरे उठने लगी पानी चढ़ने लगा और पानी अपने साथ अंडों को बहा ले गया, पक्षी बहुत दुःखी हुआ और उसने प्रतिज्ञा की कि मैं समुद्र के जल को समाप्त कर दूंगी और अपने चोंच में सागर के जल को भर-भर कर फेंकने लगी ऐसा करते करते उसे काफी समय बित गया समुद्र का जल घटा ही नहीं। वह दुःखी मन से अगस्त्य मुनि के पास गई और अपनी व्यथा सुना समुद्र को सुखाने की प्रार्थना की। अगस्त्य मुनि ने ध्यान से पक्षी की व्यथा सुनी और चिंता व्यक्त की। ऋषि विचार करने लगे की मैं कैसे इस पक्षी की सहायता कर सकता हूं। उन्हें चिंता होने लगी कि मैं कैसे समुद्र के जल को पी कर सुखा सकूंगा। विचार करते हुए अगस्त्य मुनि ने गणेश जी का स्मरण किया और संकट चतुर्थी व्रत को पूरा किया। तीन मास व्रत करने से गणेश जी प्रसन्न हो गए। गणेशजी ने मुनि का मार्ग प्रशस्त किया चौथ व्रत की कृपा से अगस्त्य मुनि ने प्रेम से समुद्र को पी कर सुखा दिया और पक्षी की प्रतिज्ञा को पूरा किया। प्रतिज्ञा पूरी होने से पक्षी भी खुश हुआ।

## सटाका




## आज की पाती

### चांद तक कामयाब होता भारत

इस साल 14 जुलाई को हमारे देश के वैज्ञानिकों ने चंद्रमा तक टैकनोलॉजी पहुंचा कर वहां की जानकारी हासिल करने और विज्ञान में चंद्रमा को और समझने के लिए चंद्रयान-3 मिशन शुरू किया था। यह मिशन तेजी से चांद की ओर बढ़ रहा है। उम्मीद है कि निधारित समय इसी साल 23 अगस्त तक यह मिशन पूरा हो जाएगा। हमारे देश के मिसाइलमैन पूर्व राष्ट्रपति डा. एपीजे अब्दुल कलाम ने एक नाकामयाब अंतरिक्ष मिशन का उदाहरण देते हुए कहा था कि कैसे उनका रॉकेट पागल होकर ऑर्बिटर में जाने की जगह कहीं और पहुंच गया था। ऐसा उदाहरण उन्होंने शायद इसलिए दिया था कि उन्होंने भी अंतरिक्ष अभियानों में असफलता का सामना किया था। बहरहाल पिछली विफलता से सबक लिए जाने की संभावना है।

*- सुरेश काले, बिलासपुर*

## ट्रेंड


### नारी का सम्मान



एक कहावत है, हर सफल आदमी के पीछे एक महिला होती है। इस कहावत की जगह आज यह कहा जाना चाहिए, हर सफल आदमी के साथ, एक महिला होती है'। ऐसी सोच के साथ ही, नारी की अस्मिता को मजबूत बनाना और नारी के आत्म-गौरव का सम्मान करना, संभव हो सकता है।

-द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### जीवित देवता हैं नागा



मनुष्य के भीतर सभी सीमाओं से परे जाने की एक सहज लालसा होती है। वो अपने स्तर पर इसके लिए प्रयास भ्झी करता रहता है। नागा एक जीवित देवता हैं जिन्हें बड़े पैमाने पर पर्सिव लाइफ तक पहुंच बिंदु के रूप में बनाया गया है।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु


### जन्म दर में गिरावट



1968 के बाद से जापान की जनसंख्या में यह सबसे बड़ी गिरावट है। अमेरिकी जनसंख्या स्थिर हो रही है। चीन की प्रजनन दर निचले स्तर पर। सिंगापुर की जन्म दर रिकॉर्ड निचले स्तर पर गिर गई। ब्रिटेन में जन्म दर 20 साल के निचले स्तर पर पहुंच गई।

-एलन मास्क, उद्योगपति

### दिलों में जगह बना ली



अभी-अभी ओएमजी-2 देखी। शानदार, स्टाइलिश और हमारे समय की बहुत ही महत्वपूर्ण फिल्म। गजब की सहजता और अद्भुत सौंदर्यशास्त्र। हाउसफुल था। फिल्म ने दर्शकों के दिलों में जगह बना ली है।


-अनुपम खेर, अभिनेता




## करंट अफेयर

### निक्की हेली को डेमोक्रेट्स से मिल रहा समर्थन

दक्षिण कैरोलाइना की दो बार की पूर्व गवर्नर और संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की पूर्व राजदूत निक्की हेली इकलौती उम्मीदवार हैं जिन्हें रिपब्लिकन सिद्धांतों तथा विचारधारा से कोई समझौता किए बगैर डेमोक्रेट्स के एक बड़े वर्ग का भी समर्थन मिल रहा है। उनके प्रमुख भारतीय-अमेरिकी मित्रों तथा उनके राष्ट्रपति अभियान के लिए चंदा देने वाले लोगों का ऐसा मानना है। हेली (51) रिपब्लिकन पार्टी की राष्ट्रपति पद की इकलौती संभावित महिला उम्मीदवार हैं जिन्होंने 23 अगस्त को विस्कॉन्सिन में होने वाली पार्टी की 2024 की पहली प्राइमरी बहस में शामिल होने की अर्हता प्राप्त कर ली है। बुधवार को होने वाली बहस इस लिहाज से भी अलग होगी कि पहली बार भारतीय मूल के दो अमेरिकी - निक्की हेली तथा विवेक रामस्वामी किसी भी राजनीतिक दल की ओर राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए प्राइमरी बहस में शामिल होंगे। इस बहस का प्रसारण फॉक्स न्यूज पर किया जाएगा तथा रिपब्लिकन पार्टी की ओर से इसमें भाग लेने वाले अन्य संभावित उम्मीदवारों में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, फ्लोरिडा के गवर्नर आर डीसैंटिस, पूर्व उपराष्ट्रपति माइक पेंस, दक्षिण कैरोलाइना के सीनेटर टिम स्कॉट, अरकंसास के पूर्व गवर्नर एशा हचिंसन तथा न्यू जर्सी के पूर्व गवर्नर क्रिस क्रिस्टी शामिल हैं।



## ऑफ बीट

### पेड़ों, नदियों व पहाड़ों को मिल रहा कानूनी दर्जा

जैसे-जैसे पर्यावरणीय मुद्दों का पैमाना और गंभीरता अधिक स्पष्ट होती जा रही है, कानून निर्माता प्रकृति की रक्षा के लिए नए तरीके खोज रहे हैं।



इनमें से एक तरीका प्रकृति के तत्वों - पेड़ों, नदियों और पहाड़ों - को कानूनी अधिकार देना और लोगों को उनकी ओर से अदालत का रुख करने की अनुमति देना है। 2022 में, स्पेन में खारे पानी का लगून मार मेनोर यूरोप का पहला पारिस्थितिकी तंत्र बन गया जिसे एक कंपनी के समान सीमित कानूनी दर्जा दिया गया। इस बीच, जैव विविधता ह्रास को लेकर आयरलैंड में हाल में एक नागरिक सभा हुई। सभा ने संविधान में संशोधन कर उसमें प्रकृति के अधिकारों से संबंधित एक प्रावधान शामिल करने की सिफारिश की। ऐसा ही विचार 1970 की शुरुआत में भी पेश किया गया था, जब एक अमेरिकी कानूनी विद्वान क्रिस्टोफर स्टोन ने प्राकृतिक तत्वों के अधिकारों के धीरे-धीरे विस्तार पर बहस छेड़ दी थी। स्टोन जानते थे कि आज नहीं तो कल अमेरिकी उच्चतम न्यायालय इस मामले पर सुनवाई करेगा, जिसमें सिएरा क्लब नामक पर्यावरणीय संगठन ने सिकोइया राष्ट्रीय वन में स्की रिसॉर्ट के निर्माण पर रोक लगाने का अनुरोध किया था।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## पार्षद ने किया कावड़ यात्रा का भव्य स्वागत



सितारा न्यूज नेटवर्क

**बांदीकुई/हेमंत शर्मा।** श्री लड्डू गोपाल सेवा समिति के तत्वाधान में निकाली गई। शिव कावड़ यात्रा झाझी रामपुरा बसवा से बांदीकुई हेरम्बेश्वर महादेव रामचंद्र मीणा की ढाणी गुढ़ा रोड बांदीकुई पहुंची। जहां अंबेडकर सर्किल पर नगर पालिका पार्षद सुरेंद्र सिंह मीणा, पंडित मोहनलाल शर्मा और स्थानीय निवासियों मातृशक्ति और कार्यकर्ता बंधुओं के साथ आने वाली सभी कावड़ यात्रियों का पुष्प वर्षा एवं माला पहना कर स्वागत किया गया। पार्षद ने बताया कि श्रावण मास में कावड़ यात्रा का विशेष महत्व है इस दौरान कावड़ यात्रियों में संदीप मीणा, ऋतिक सोनी, देवेंद्र शर्मा, अशोक मीणा ,गजेंद्र मीणा, मनीष बाली, दीपक शर्मा, अनिल जांगिड़, अजय सैनी, प्रेम सैनी, सतीश, कमल सिंह, राजू, राम अवतार आदि कई लोग उपस्थित थे।

## छात्रसंघ द्वारा विश्वविद्यालय मे व्याप्त अनिमितताओं को लेकर कुलपति को दिया ज्ञापन



सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय परिसर मे व्याप्त अनियमितताओं को लेकर छात्रसंघ अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह तंवर ने 7 सूत्री ज्ञापन कुलपति को सौंपा ! जिसमे मुख्य रूप से सफाई व्यवस्था, ठरर यूनिट इस सेशन मे लागू करने, विद्यार्थियों के लिए बस की उचित व्यवस्था,प्राथमिक चिकित्सा केंद्र खोलने,रिक्त रही सीटो पर ऑनलाइन फॉर्म तत्काल खोलने, विद्यार्थियों के पहचान पत्रों से प्रवेश हो और पहचान पत्र की उपलब्धता, मुख्य द्वार पर संकेत बोर्ड लगाने सबंधित अन्य मांगों मे कक्षाओं मे हवा पानी की उचित व्यवस्था,व्यख्याताओ की कमी आदि समस्याओं से अवगत करवाया। अरुण कल्ला ने जानकारी देते हुवे बताया कि छात्रहितों की सभी मांगो पर कुलपति महोदय ने त्वरित संज्ञान लेते हुवे रजिस्ट्रार औरउप कुलसचिव की उपस्थिति मे तत्काल कार्यवाही कर मोन्टीरिंग करने के लिए भी निर्देशित किया। परिणामस्वरूप स्वरूप सभी मांगो पर आधिकारिक सहमति बनी और छात्रहित की सभी मांगे पूरी हुई।

## समाजसेवी मुकेश महरडा का जन्मदिन गोशाला में गायों को हरा चारा व गुड़ खिलाकर मनाया





सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** ग्राम पंचायत चतरपुरा में बजरंग गौशाला में स्वामी विवेकानंद युवा मंडल द्वारा उद्योगपति एवं समाजसेवी मुकेश महरडा के जन्मदिन पर गोशाला में गायों को हरा चारा व गुड़ खिलाकर और गौशाला में वृक्षारोपण कर जन्मदिन मनाया गया। मुकेश ने बताया कि जन्मदिन के दिन की शुरूआत पूजा अर्चना कर के की गई। इस मौके पर स्वामी विवेकानंद युवा मंडल अध्यक्ष अविनाश चौधरी, उपाध्यक्ष सांवरमल जाट, रमेश महरडा, नवदीप सिंह नरूका , राजेंद्र जाखड़, मनीष जांगिड़, सुनील चौधरी, अनिल कन्देला, महेश शर्मा, शंकर प्रजापत, कोमू खोखर, सुनील जांगिड़, जितेंद्र जाखड़, विक्रम कुमार, प्रवीण बुनकर आदि ने जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।

## कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए नियुक्ति दी

सितारा न्यूज नेटवर्क

**बांदीकुई।** अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरदी चंद शर्मा कोठोत्या के निर्देशन में बांदीकुई तहसील अध्यक्ष पांचूराम शर्मा बसवाला देलाडी ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए इकाई अध्यक्षों की नियुक्ति की जिनमें बांदीकुई इकाई नगर अध्यक्ष पद पर कमलेश भट्ट (विद्युत विभाग), देलाड़ी, छाजू राम शर्मा बस वाला, मीतरवाड़ी रामभरोसी बोटोल्या, द्वारापूरा प्रभु दयाल शर्मा अध्यापक बसवाला, श्याम सिंह पुरा मूलचंद पटेल बसवाला को इकाई अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया।

### माकपा का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

# कॉमरेड अमराराम ने कहा : माकपा हमेशा किसानों एवं गरीब मजदूरों के लिए लड़ती है सरकार से

### माकपा के उम्मीदवार पूर्व विधायक कॉमरेड अमराराम को विधानसभा चुनाव में जीत दिलाने का लिया संकल्प

#### पूर्व विधायक कॉमरेड अमराराम ने कांग्रेस या बीजेपी दोनों पर साधा निशाना

सितारा न्यूज नेटवर्क





**दांतारामगढ़/विनोद धायल।** विधानसभा चुनाव 2023 को लेकर सभी राजनीतिक पार्टियों ने कमर कस ली है। सोमवार को दांता कस्बे में गोविंदम गार्डन में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी सीपीआईएम का दांतारामगढ़ विधानसभा का बूथ स्तर का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यकर्ता सम्मेलन में सीपीआईएम की पोलिट ब्यूरो सदस्य वृंदा करात, प्रदेश किसान सभा अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक कॉमरेड पेमाराम, माकपा नेता एवं पूर्व विधायक कॉमरेड अमराराम, माकपा जिला सचिव किशन पारीक, तहसील सचिव हरफूल सिंह बाज्या सहित अनेक विधानसभा स्तर के माकपा पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उढक्ट की पोलिट ब्यूरो सदस्य कामरेड वृंदा करात ने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार, पेपर लीक और महिला अत्याचार व बेरोजगारी चरम सीमा पर है और मौजूदा कांग्रेस सरकार जनता को राहत प्रदान करने में विफल है वहीं विपक्ष की भूमिका निभा रही भाजपा भी अपनी राजनीतिक रोटियां सेकने में लगी हुई है जनता की समस्याओं से दोनों ही पार्टियों को कोई लेना देना नहीं है। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं के लिए संघर्ष करने के लिए केवल माकपा पार्टी ही है जो कि जमीनी स्तर पर पीड़ित जनता के लिए आवाज उठाती है और सरकार को झुकाती है और इसी संघर्ष और काम की बदौलत माकपा प्रदेश में 24 विधानसभा सीटों से अपने उम्मीदवार मैदान में उतारेगी और जीतेगी भी। कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान सभी कार्यकताओं से



विधानसभा चुनाव में कंधे से कंधा मिलाकर दांतारामगढ़ से विधायक चुनाव में माकपा के उम्मीदवार कॉमरेड अमराराम को जीत दिलाने का संकल्प दिलाया।

पूर्व विधायक कामरेड अमराराम ने कहा कि दांतारामगढ़ विधानसभा में पेयजल, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार सहित विभिन्न प्रकार की समस्याएं हैं जिनका मौजूदा विधायक वीरेंद्र सिंह द्वारा किसी भी प्रकार से समाधान नहीं किया गया वहीं विपक्ष की भूमिका निभा रहे भाजपा नेताओं ने भी इन समस्याओं को लेकर एक बार भी जन आंदोलन में शामिल होकर आवाज नहीं उठाई अब चुनाव में यह लोग जनता के सामने कौन सा मुद्दा लेकर वोट मांगने के लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जनता सब कुछ समझती है और इस बार चुनाव में कांग्रेस और भाजपा दोनों ही पार्टियों सुपड़ा साफ हो जाएगा और जनता माकपा को अपना बहुमत देकर जीत दिलाएगी।

इस दौरान कॉमरेड इंदर सिंह लांबा, कामरेड गोपाल सिंह धायल, सरपंच भगवान सहाय ढाका, पूर्व सरपंच झाबर राड़, भागचंद लांमिया, सागर सामोता, पार्षद शंकर बलोदा सहित सैकड़ों की संख्या में माकपा के स्थानीय जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## इंटर स्कूल स्विमिंग विनर ट्रॉफी सेंट जेवियर व रनर ट्रॉफी टैगोर इंटरनेशनल स्कूल की झोली में





सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** पुल कनिष्का, पुल, कमोंन यशस्वी आरती, अरमान ,लोचन विहान,कार्तिक ,मेहुल जीतना है तुम्हें, कमऑन,वेलडन और तालियों की गड़गड़ाहट जोशीला और उमंग वाला माहौल। मौका था मालवीय नगर डी ब्लॉक स्थित ज्ञानविहार स्कूल में इंटर स्कूल स्विमिंग कंपटीशन का जिसमें जयपुर शहर के प्रतिष्ठित 28 स्कूलों के 450 प्रतिभागियों ने अपनी उत्कृष्ट तैराकी का परिचय दिया।

कार्यक्रम के चीफ गेस्ट डॉ शैलेश कुमार अंतर्राष्ट्रीय वॉलीबॉल कोच तथा प्रिंसिपल राकेश उपाध्याय ने मां सरस्वती को दीप प्रज्वलन कर- के कार्यक्रम का आगाज किया तथा विद्यालय के डायरेक्टर कनिष्क शर्मा जी बच्चों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि मनुष्य के व्यक्तित्व के निर्माण के लिए अच्छी शिक्षा के साथ ही खेल का समावेश होना भी आवश्यक है। तैरना एक महान शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बूस्टर है। बच्चे ही देश का भविष्य है। खेलो में अगर भारत को रहना है तो शुरूआत स्कूल से करनी होगी तथा भविष्य के लिए बच्चे जीवन की जंग जीतना खेल के मैदान से ही सीखते हैं और स्कूल लाइफ में ही बेहतर रूप से सब कुछ सीख सकता है। कनिष्क के ओपन मीट से तैराकी प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ।

डायरेक्टर मुख्य अतिथि तथा प्रिंसिपल ने इवेंट डायरेक्टर मानव जैन के साथ स्कूल में होने वाले आगामी इवेंट एम. यू .एन. पोस्टर का विमोचन भी किया गया। मीडिया कोऑर्डिनेटर रेनू शब्दमुखर ने बताया कि फ्री स्टाइल, बैक स्ट्रोक, ब्रेस्ट स्ट्रोक और बटरफ्लाईस्ट्रोक.और चार वर्गों मे गर्ल्स और बॉयज में विभाजित इस प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार प्रिंसिपल राकेश उपाध्याय ने ओवरऑल उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर सेंट जेवियर सी स्कीम स्कूल को विजेता तथा टैगोर इंटरनेशनल स्कूल को उपविजेता घोषित कर ट्रॉफी व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया।

## मजबूत संगठन से भाजपा की सरकार बनेगी राजस्थान में: विधायक हरिओम वर्मा

सितारा न्यूज नेटवर्क





**बसेड़ी/अंकित गोयल।** आज भारतीय जनता पार्टी विधानसभा बसेड़ी में मंडल जारगा में गांव दिनकटा में ठाकुर जी महाराज के प्रसिद्ध मंदिर पर अयोध्या गिर महाराज जी की अध्यक्षता में भारत माता डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर तीन शक्ति केंद्रों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता उत्तर प्रदेश के विधायक हरिओम वर्मा रहे पूरे प्रदेश में प्रवास हेतु प्रत्येक विधानसभा में सात दिवस के लिए संगठन को मजबूती देने के लिए विधायक को बसेड़ी विधानसभा में प्रवास हेतु लगाया गया है ।

जिसमें हरिओम वर्मा विधायक ने सभी कार्यकताओं को बताया कि आने वाले 2023 के विधानसभा चुनाव में संगठन हेतु शक्ति केंद्र बूथ अध्यक्ष स्तर तक सभी कार्यकताओं की बैठक करनी है, सभी कार्यकताओं से कहा कि प्रत्याशी कोई भी हो हमारा प्रत्याशी कमल का फूल होगा सभी को कमल के फूल पर अधिक से अधिक मतदान करके भाजपा का प्रत्याशी जिता कर भेजना है जिससे प्रदेश में भाजपा की सरकार में विधानसभा बसेड़ी की भागीदारी रहेगी इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष श्रवण कुमार वर्मा को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य और नवनियुक्त कार्यकारी जिलाध्यक्ष सत्येंद्र पाराशर को बनाए जाने पर सभी कार्यकताओं ने हर्ष व्यक्त किया एवं लड्डू बांटकर शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन सत्यपाल गुर्जर ने किया। इस अवसर पर विधायक हरिओम वर्मा मंडल अध्यक्ष मोहन प्रकाश शर्मा मंडल अध्यक्ष भैरोसिंह परमार मंडल अध्यक्ष दशरथ सिंह परमार पूर्व विधायक सुखराम कोली पूर्व विधायक रानी कोली विधानसभा संयोजक ओमकार कटारा विधानसभा विस्तारक गजेंद्र चौधरी पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेश परमार महामंत्री राम लखन परमार पप्पू परमार महेंद्र कोली गोपाल कोली मदन कोली श्याम सुंदर ऋषि मुद्गल सतपाल गुर्जर राधेश्याम जगरिया तिलक सिंह परमार राजेंद्र जाटव राजू जोनवाल बनवारी जाटव रामवीर कोली भीकम कोली श्रीराम पाठक बबलू कोली सुमेर कोली रामवीर जटपुरा विजेंद्र पहाड़िया ओमपाल परमार रामू परमार उषा जाटव पातीराम बंगाली सरपंच शोभरन परमार भागीरथ परमार सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

एस आई कम्प्यूटर कॉलेज हिंगोनियां में निःशुल्क प्रशिक्षण

## तकनीकी युग में कौशल विकास जरूरी : कुमावत

*आर एस सी आई टी, टैली, स्पोकन इंग्लिश के लिए निःशुल्क प्रवेश*



सितारा न्यूज नेटवर्क



**हिंगोनियां /शंकरलाल कुमावत।** राजस्थान सरकार द्वारा आई एम शक्ति कौशल विकास एवं महिला विभाग के माध्यम से आरकेसीएल द्वारा 16 से 45 साल की महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए कस्बे की एस आई कॉलेज ऑफ कम्प्यूटर एज्युकेशन शिक्षण संस्थान में सोमवार को निःशुल्क आरएससीआईटी, आरएससीएसईपी एवं आरएससीएफए कम्प्यूटर कोर्स के ऑनलाईन फॉर्म प्रारम्भ किया। निदेशक शंकरलाल कुमावत ने बताया कि इस युग को कलयुग नहीं तकनीकी युग कहें तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी और इस तकनीकी युग में कौशल विकास प्रशिक्षण बहुत जरूरी है। समय रहते योग्य महिला अभ्यर्थियों को ऑनलाईन फॉर्म भरकर सरकार की योजना का लाभ जरूर उठाना चाहिए। संस्था के शिक्षाविद् सिद्धार्थ शर्मा ने बताया कि सरकार के द्वारा प्रदत्त सभी तीनों कोर्सेज के लिए अभ्यर्थियों को निःशुल्क प्रवेश दिया गया है। शर्मा ने बताया कि सभी महिला एवं बालिकाओं के निःशुल्क कोर्स के प्रवेश की अंतिम तिथि 26 अगस्त 2023 तक है।

## मॉरीशस में आयोजित संगोष्ठी समारोह के लिए सायर विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के लालचंद यादव हुए रवाना

सितारा न्यूज नेटवर्क

**पांच्यावाला।** विश्व हिंदी सचिवालय के फीनिक्स, मॉरीशस में 22 अगस्त से 25 अगस्त 2023 तक आयोजित अंतरराष्ट्रीय मॉरीशस रिजॉर्ट फोर्ट में आयोजित संगोष्ठी एवं अवार्ड समारोह में लालचंद यादव महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे जो बच्चों के पूर्ण विकास के लिए समर्पित है।



श्री सायर विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल निदेशक लालचंद यादव जिन्होंने बच्चों के विकास में अपने निरंतर प्रयासों और संघर्ष से खुद को साबित किया ओर कहा की बच्ची के उत्कृष्ट के लिए समर्पित संगठनों के साथ जुड़कर हम समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। इस समारोह में विश्व भर से आए हुए शिक्षा और साहित्य के क्षेत्र में प्रमुख व्यक्तित्व होंगे, जो बच्चों के उत्कृष्ट विकास के माध्यम से समाज को सशक्त बनाने के उद्देश्य से इस समारोह का हिस्सा बनेंगे। इस दौरान विभिन्न सत्रों और गतिविधियों में भाग लेंगे, जहाँ उन्हें बच्चों के विकास के क्षेत्र में नवाचार और सर्वोत्तम प्रथाओं की चर्चा में भागीदारी करने का अवसर मिलेगा।

इस समारोह के माध्यम से लालचंद यादव की महत्वपूर्ण यात्रा बच्चों के उत्कृष्ट विकास के प्रति उनकी समर्पणशीलता को पुनः प्रकट करेगी और उनके शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रयास की प्रेरणा स्थायी साकार होगी।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## एन.पी.सी. बॉडी बिल्डिंग अलवर के निदेशक बने नीरज कपूर

अंकित कौशिक बने अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष बने राहुल यादव



सितारा न्यूज नेटवर्क

**युवराज शर्मा/अलवर।** एन.पी.सी. बॉडी बिल्डिंग राजस्थान निदेशक अरूण सिंह की अध्यक्षता में जयपुर में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में एन.पी.सी. अलवर के निदेशक पद पर नीरज कपूर को नियुक्त किया। नीरज कपूर ने एन.पी.सी. अलवर की जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते अध्यक्ष - अंकित कौशिक, कार्यकारी अध्यक्ष - राहुल यादव, कोषाध्यक्ष - समन ओबराय, उपाध्यक्ष - सुनील पंडित, शाहीद खॉन, नवाब खॉन, मगन फौजी को पदभार सौंपा जिलाध्यक्ष अंकित कौशिक ने बताया कि एन.पी.सी. आई.एफ.बी.बी. से मान्यता प्राप्त संस्था है जो कि बॉडी बिल्डिंग, मैन फिजिक, क्लासिक, आर्म रेसलिंग, स्ट्रोंग मैन आदि प्रतियोगिताएं सम्पूर्ण देश में आयोजित करती है। कार्यकारी अध्यक्ष राहुल यादव ने बताया कि एन.पी.सी. अलवर द्वारा आगामी अक्टूबर 2023 में जिला स्तरीय बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इस प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी मिस्टर राजस्थान चैम्पियनशिप में भाग लेगे।

विचार गोष्ठी का हुआ आयोजन...

## वीरांगना अवन्ती बाई जोधी को विचार गोष्ठी रखकर किया गया याद,जीवनी पर प्रकाश डाला



सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना ।** आदिवासी सेवा संस्थान राजगढ-अलवर और अम्बेडकर समिति राजगढ के पदाधिकारियो ने रविवार को क्षेत्रीय कार्यालय पर रामकिशन मीना की अध्यक्षता मे एक विचार गोष्ठी रखकर अवन्ती बाई जोधी (मध्यप्रदेश के गौडवाना,रामगढ) को याद करते हुए उनकी जीवनी पर भी प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर अम्बेडकर समिति के राजेंद्र बैरवा व आदिवासी संस्थान के लल्लु राम खुर्द सहित मुकेश कुमार मीना (पाटन) महेन्द्र , बाबूलाल चंदवाल ने अपने अपने विचार रखे । 1857 के स्वतंत्रता संग्राम मे अवन्ती बाई के योगदान के बारे मे चर्चा की।मिडिया को यह सारी जानकारी आदिवासी सेवा संस्थान राजगढ-अलवर के कोषाध्यक्ष लल्लुराम खुर्द के द्वारा दी गई है।

## रक्षा बन्धन का त्यौहार बनाइये खास भारतीय डाक विभाग के साथ

सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर(अनिल सिखवाल) ।** इस वर्ष रक्षाबन्धन के पावन पर्व को खास बनाने हेतु भारतीय डाक विभाग लाया है आम जन के लिये खास योजना इस बार प्रत्येक भाई डाक विभाग की लोकप्रिय योजना महिला सम्मान बचत पत्र योजना अथवा सुकन्या समृद्धि खाता योजना का खाता खुलवा कर उस खाते की पास बुक अपनी बहिन को देकर अपना एवं अपनी बहिन का राखी का त्यौहार यादगार बना सकता है। उल्लेखनीय है कि महिला सम्मान बचत पत्र योजना वर्तमान में भारत सरकार द्वारा चालू की गई अत्यन्त आकर्षक योजना है जो आम जन में तेजी से लोकप्रिय हो रही है इस योजना के अंतर्गत किसी भी बालिका अथवा 1000 रू. से लेकर 200000 रु. तक का खाता खुलवाया जा सकता है जिसमें 7.5 प्रतिशत की उच्च ब्याज दर है जिसकी गणना त्रैमासिक चक्रवृद्धि ब्यावर के आधार पर की जायेगी। इसके अतिरिक्त अपनी 10 वर्ष तक की आयु की बहिन हेतु कोई भी भाई सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाकर एवं अपनी बहिन के भविष्य को उज्ज्वल एवं सुरक्षित बना सकता है। सुकन्या समृद्धि खाता 250 रु. की राशि से खुलवाया जा सकता है अतः उक्त दोनों योजना में से किसी भी योजना का खाता खुलवाकर उसकी पास बुक अपनी बहिन को रक्षा बन्धन पर उपहार में दे सकते है एवं अपनी बहिन का भविष्य सुरक्षित कर इस रक्षाबंधन को यादगार बनायें।इसके अतिरिक्त भारतीय डाक विभाग द्वारा राखी के त्यौहार पर राखी भेजने हेतु ब्यावर एवं नसीराबाद प्रधान डाकघर में आकर्षक एवं लेमिनेटेड राखी के लिफाफे उपलब्ध कराये गये हैं राखी के इस

पावन पर्व पर इन विशेष लिफाफों के माध्यम से बहिने अपनी राखियां अपने भाईयों तक भिजवा सकती है। वर्षा ऋतु को देखते हुये लेमिनेटेड लिफाफे उपलब्ध है। उक्त लिफाफों की कीमत मात्र 10 रू. रखी गयी है। साथ ही राखी लिफाफों के शीघ्र एवं समय पर वितरण हेतु विशेष प्रेषण की व्यवस्था भी विभाग द्वारा की गई है जिससे कि राखियां समय पर भाईयों को मिल सके । उक्त लिफाफों में राखी भेजने के कई विकल्प दिये गये हैं जैसे साधारण डाक स्पीड पोस्ट एवं रजिस्ट्री पोस्ट आदि उक्त लिफाफे ब्यावर मण्डल के ब्यावर एवं नसीराबाद प्रधान डाकघर में वितरण हेतु उपलब्ध है। उक्त राखी लिफाफों के माध्यम से प्रेषित राखियों को प्राथमिकता के आधार पर वितरण करने के आदेश डाक विभाग द्वारा जारी किये गये हैं।

## 2 अवैध बंदूकों के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार: वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे थे आरोपी

**धौलपुर।** सरमथुरा थाना पुलिस ने दो अलग-अलग जगह पर अवैध हथियारों को लेकर कार्रवाई करते हुए दो टोपीदार बंदूक बरामद की हैं। पुलिस ने दो आरोपियों को भी हिरासत में लिया है, जो किसी अपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे थे।

कार्रवाई को लेकर सरमथुरा थाना प्रभारी कृपाल सिंह ने बताया कि एसपी मनोज कुमार के निर्देशन में अवैध हथियारों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत सोमवार को पुलिस को सूचना मिली थी कि कस्बे के बड़ तिराहा और बरई पुरा मोड पर करौली के रहने वाले दो लोगों के अवैध हथियार के साथ आने की सूचना मिली थी। इस सूचना पर 2 टीमों का गठन कर मौके पर रवाना की गई।

# जनता ने मुझे विकास के जो टारगेट दिए थे उससे ज्यादा मैंने विकास काम करवाएं : अवाना

## देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह अवाना ने फतेहपुर में पशु चिकित्सा उपकेंद्र का किया लोकार्पण

सितारा न्यूज नेटवर्क





**नदबई।** देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष व नदबई विधायक जोगिंदर सिंह अवाना ने विधानसभा क्षेत्र के गांव फतेहपुर में राजकीय पशु चिकित्सा उप केन्द्र का लोकार्पण किया पशु चिकित्सा उप केन्द्र का भवन 18.90 लाख रुपए की लागत से बनकर तैयार हुआ है विधायक ने फीता काट कर शिला पट्टिका का विमोचन कर भवन का लोकार्पण कर पशु चिकित्सा का शुभारंभ कर क्षेत्र की जनता जनार्दन को समर्पित कर दिया है वही बड़ी संख्या मे ग्रामीणों ने विधायक का माला साफा पहना कर स्वागत किया और क्षेत्र में कराये गए विकास के लिए आभार प्रकट गाँव फतेहपुर में विधायक अवाना की विशेष अनुशंसा पर पिछले दिनों राजकीय पशु चिकित्सा उप केन्द्र की सौगात मिली है। वही विधायक ने मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा की ग्रामीणों द्वारा मुझसे गाँव में पशु उप केन्द्र खुलवाने की मांग की थी क्योंकि इन्हे अपने पशुओ का इलाज कराने के लिए दूर जाना पड़ता था पर अब गाँव में पशु उप केन्द्र खुल चुका है जिससे ग्रामीणों को पहले होने वाली समस्या से निजात मिल चुकी है पूरे विधानसभा क्षेत्र में बड़ी तेज गति के साथ विकास कार्य हो रहे है पिछले 4 साल में नदबई को विकास के नए आयाम मिले हैं जो विकास कार्य विगत 40 साल से नही हुए थे उनको कराने काम किया है । वहीं विधायक ने कहा कि जब से मैं विधायक बना हू तब से मैंने जो विकास कार्य किए हैं वह आप सबके सामने हैं विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं



आने दी जाएगी मैं हमेशा से ही बिना किसी भेदभाव के पूरी नदबई विधानसभा में विकास कार्य करता रहा हूं ग्रामीण परिवेश में भी काफी विकास कार्य हुआ है जनता ने मुझे विकास के जो जो अल्टीमेट दिए थे उससे कहीं ज्यादा विकास कार्य कराए जा चुके हैं और आगे भी इसी तेज के साथ पूरी नदबई विधानसभा में विकास कार्य होंगे वही ग्रामीणों ने विधायक को गाँव में पानी की समस्या से अवगत कराया जिस पर विधायक ने संबंधित अधिकारी से वार्ता कर मौके पर भेजकर पानी की समस्या का निस्तारण करवाने के निर्देश दिए इस मौके पर डॉ. नागेश, डॉ. रविंद्र, सहायक अभियंता मार्केटिंग बोर्ड ब्रज कुंतल, गुड्डू गजेंद्र सिंह, गोकुल बंजी, प्रेम सिंह चाहर सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## सौन्दर्यकरण से मोक्षधाम की बदल रही तस्वीर, मोक्ष धाम गेट का फीता काट कर किया लोकार्पण





सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना ।** अलवर के रैणी-उपखंड के गढ़ीसवाईराम कस्बे मे स्थित समाज कल्याण छात्रावास के समीप बने मोक्षधाम के सौन्दर्यकरण को लेकर कस्बेवासी इन दिनों अपना खासा उत्साह दिखा रहे है और इसी के चलते गढ़ीसवाईराम निवासी जगदीश प्रसाद खण्ड़ेलवाल ने अपनी स्व. माताजी दाखा देवी की याद में मोक्षधाम का मुख्य दरवाजा आकर्षक बनवा कर उसके चारो तरफ ग्रेनाईट पत्थर लगवाया है,तथा उसके उपर शिव भगवान की मूर्ति विधि विधान से पूजा अर्चना कर स्थापित करवाई गई है ।जिसका सोमवार को राजगढ़ खण्डेलवाल समाज के पूर्व अध्यक्ष महेश ठाकुरिया के द्वारा फीता काट कर लोकार्पण किया गया । वहीं शेरू शर्मा ने अपने पिता स्व. रधुवीर प्रसाद शर्मा की याद मे एक टीन शैड़ मय प्लेटफोर्म के निर्माण करवाया है। ये सभी कार्य परमार्थी कार्य है । इसलिए इन सभी कार्यो को सभी कस्बेवासियों ने सराहकर सभी भामाशाहों की बहुत प्रशंसा की। खण्ड़ेलवाल समाज के अध्यक्ष भगवत झालानी ने बताया कि ग्रामवासियों की ओर से आये हुए सभी अतिथियो का साफा बंधन कर स्वागत किया गया। इस दौरान सरपंच किशन लाल बैरवा, मुरारी जैमन , शिवचरण गढ़वाला, हरीमोहन खण्डेलवाल, रामअवतार खण्ड़ेलवाल, प्रहलाद मीना(पूर्व सरपंच) , अशोक जैन , गजानन्द झालानी , महेश अग्रवाल, मंगतु ठाकुरिया , अशोक खण्ड़ेलवाल , हरिया सोनी, जयदीप जैन, राधेश्याम धाबाई, रामचरण झालानी, मुकेश खण्ड़ेलवाल, गुड्डू प्रधान, विमल जैन सहित बडी संख्या मे अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे । मिडिया को यह सारी जानकारी गढ़ीसवाईराम से राजेश राठौड द्वारा दी गई है।




## नवीनीकरण: राहुवास थाने का हुआ उद्घाटन

एसपी वंदिता राणा ने फीता काटकर किया उद्घाटन



सितारा न्यूज नेटवर्क

**शंकर कामदार/रामगढ़ पचवारा।** उपखंड के राहुवास थाने का एसपी वंदिता राणा ने किया फीता काटकर उद्घाटन। राहुवास में 66 गांव के लोगों को 18 किलोमीटर दूर रामगढ़ पचवारा थाना अब नहीं जाना पड़ेगा। राहुवास थाने में 14 ग्राम पंचायत को शामिल किया गया। राहुवास थाने के पहले थाना अधिकारी गोपाल लाल बने। 20 अगस्त को एसपी ने राहुवास थाने में 17 का स्टॉप के आदेश दिए थे। उद्घाटन समारोह में एएसपी रामचंद्र सिंह नेहरा, अरविंद कुमार गोयल, एसडीएम मोहर सिंह मीना, सरपंच संघ अध्यक्ष मोतीलाल मीणा सहित पुलिसकर्मियों और लोग मौजूद रहे।



# लेह-लद्दाख के दो कुबड़ीय ऊँटों का गहन वैज्ञानिक सर्वेक्षण कर लौटा एनआरसीसी वैज्ञानिक दल

सितारा न्यूज नेटवर्क




**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** दो कुबड़ीय ऊँटों की स्थिति के सर्वेक्षण, उनके स्वास्थ्य, पोषण, जनन, एवं प्रजनन संबंधी समस्याओं पर विचार-विमर्श तथा क्षेत्र के पशु पालकों को उष्ट्र पालन व्यवसाय हेतु प्रोत्साहित करने के लिए लद्दाख के नुब्रा घाटी में केन्द्र के वैज्ञानिकों द्वारा दिनांक 16 से 18 अगस्त के दौरान स्वास्थ्य एवं प्रसार शिविरों तथा कृषक-वैज्ञानिक संवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए। वैज्ञानिकों द्वारा लेह में आयोजित परिचर्चा में 25 से अधिक पशुपालन एवं पर्यटन विभाग से जुड़े विषय-विशेषज्ञों एवं गणमान्यों ने शिरकत कीं। वहीं नुब्रा घाटी में पशु स्वास्थ्य शिविर व कृषक-वैज्ञानिक पशुपालक संवाद कार्यक्रमों में लगभग 50 ऊँट पालकों ने कुल 176 दो कूबड़ीय ऊँटों के साथ अपनी सहभागिता निभाई।

लेह में ह्यडबल-हम्प कैमल फार लाइलीहुड सिक्युर्टी इन लद्दाखह्य विषयक परिचर्चा के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. राजेश रंजन, कुलपति, सेन्ट्रल इंस्टिटयूट फॉर बुद्धिष्ठ स्टडीज, लेह ने कहा कि दो कूबड़ीय ऊँटों की संख्या बढ़ना, पर्यटनीय एवं इसके संरक्षण की दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण तो है ही, साथ ही इस क्षेत्र के लोगों की आजीविका में भी यह सहायक सिद्ध होगा। इस दौरान केन्द्र निदेशक डॉ.आर्तबन्धु साहू ने कहा कि नर ऊँटों को पर्यटन हेतु तथा मादा ऊँटों को दूध उत्पादन के लिए प्रयोग में लिया जाना चाहिए जिससे कि पूरे वर्ष के दौरान इस प्रजाति का समुचित उपयोग होता रहे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ऊँटनी के दूध को सामान्य दूध के बजाय औषधी के रूप में इस्तेमाल करने से ऊँट पालकों को इसके दूध की ज्यादा कीमत मिल सकेगी और उष्ट्र पालन व्यवसाय फायदेमंद साबित होगा। उन्होंने यह बताया कि हाल में हुए अनुसंधानों से यह सिद्ध हो चुका है कि ऊँटनी के दूध का सेवन मधुमेह, आटिज्म एवं ट्यूबरक्लोसिस में उपयोगी है। पर्यटक, इसके दूध से निर्मित अनूठे चाय, कॉफी आदि उत्पादों का लुत्फ उठा सकेंगे, साथ ही उष्ट्र बच्चों की भी सुरक्षित देखभाल की जा सकेंगी। डॉ. साहू ने इन ऊँटों से प्राप्त ऊन की संभावनाओं पर बात करते हुए बताया कि ऊँटों की उत्तम गुणवत्तायुक्त ऊन के इस्तेमाल से इस प्रजाति का बहुआयामी उपयोग लेते हुए पशु पालकों की आमदनी में आशातीत वृद्धि लाई जा सकती हैं।

परिचर्चा के दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. ओमप्रकाश चोरसिया, निदेशक, डी.आर.डी.ओ. ने स्थानीय उपलब्ध घासों एवं झाड़ियों के संरक्षण पर जोर दिया। डॉ. मो. इकबाल, निदेशक, पशुपालन विभाग, लद्दाख ने ऊँटों के विकास हेतु एनआरसीसी से और अधिक अध्ययन की आवश्यकता जताई।

इस अवसर पर एनआरसीसी की ओर से ह्यफ्रीज ड्राइड कैमल मिल्क पाउडरह्य प्रदर्शित किया गया वहीं केन्द्र द्वारा निर्मित ह्यऊँटतेजकह्य उत्पाद भी लॉन्च किया गया। ऊँटतेजक उत्पाद के संबंध में केन्द्र के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. आर.के. सावल ने बताया कि 2 ग्राम प्रति पशु को इसे देने पर पशु की जनन, कार्यक्षमता आदि में महत्वपूर्ण रूप से बढ़ोत्तरी की जा सकेगी। वहीं केन्द्र के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. राकेश रंजन ने एनआरसीसी में ऊँटों के स्वास्थ्य देखभाल व वैज्ञानिक अनुसंधान कार्यों पर संक्षिप्त में प्रकाश डाला। केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा रक्षा अनुसन्धान एवं विकास संगठन के दीहार संस्थान, लेह का भ्रमण किया गया तथा उच्च ऊँचाई पर जानवरों में विशेषकर दो कुबड़ वाले ऊँटों पर सहयोगात्मक अनुसंधान की सम्भावनाओं पर चर्चा की गई

केन्द्र वैज्ञानिकों द्वारा दिनांक 17 से 18 अगस्त के दौरान नुब्रा घाटी में पशु स्वास्थ्य शिविर एवं कृषक-वैज्ञानिक परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित किए गए । शिविर में लाए गए बीमार दो कूबड़ीय ऊँटों का इलाज किया गया व पशुओं के विभिन्न रोगों हेतु दवा वितरित की गई। इस दौरान संवाद कार्यक्रमों में पशुओं के संरक्षण उनकी स्वास्थ देखभाल तथा पोषकीय प्रबन्धन संबंधी विभिन्न पहलुओं संबंधी जानकारी दी गई ।

ह्यनुब्रा घाटी में आजीविका के लिए ऊँट आधारित पर्यटन की भूमिकाह्य विषयक वैज्ञानिक पशुपालक परिचर्चा में केन्द्र निदेशक डॉ. आर्तबन्धु साहू ने पशुपालकों की समस्याओं से मुखातिब होते हुए कहा कि भारत सरकार की क्षेत्र में जनजातीय उप-योजना के माध्यम से आयोजित ऐसे अवसरों का पशुपालक भाई भरपूर लाभ उठाएं । उन्होंने पशुपालकों को आश्वस्त किया कि भविष्य में लद्दाख में उष्ट्र पालन की ओर प्रोत्साहित करने हेतु और अधिक जमीनी प्रयास किए जाएंगे जैसे कि पशुओं की स्वास्थ्य देखभाल तथा पोषकीय प्रबन्धन, पहचान चिन्ह की विधियां, प्रजनन हेतु नर एवं मादा का चयन, उष्ट्र दुग्ध से निर्मित मूल्य संवर्धित उत्पादों व अन्य विविध पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

बैक्ट्रियन कैमल एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री अब्दुल हकीम ने दो कूबड़ीय ऊँटों की समस्याओं को वैज्ञानिकों से साझा करते हुए ऊँटों के चरने के लिए स्थान सीमित चरागाह होने, पशुओं की स्वास्थ्य देखभाल हेतु नजदीकी डिस्पेंसरी सुविधा की कमी, अधिक सर्दी के मौसम में पशुओं के लिए अनुपूरक आहार की कमी आदि समस्याओं के समाधान की आवश्यकता जताई।

एनआरसीसी वैज्ञानिकों द्वारा दो कूबड़ीय ऊँटों के परीक्षण के अलावा उनके मींगणी (40) एवं बालों (09) के नमूनें जांच हेतु लिए गए। वहीं ऊन गुणवत्ता की जांच कर पशुपालकों द्वारा गुणवत्तापूर्ण उत्पाद तैयार करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा । साथ ही डॉ. सावल ने चरागाह क्षेत्र में उपलब्ध घासों व झाड़ियों खासकर ह्यसीबकथोर्नह्य पर अध्ययन हेतु सामग्री एकत्रित की एवं जंगल में ऊँटों की आहार ग्रहण पद्धति का भी गहन अवलोकन किया। वैज्ञानिकों ने पशुपालकों को क्षेत्र में पर्यटकों की बढ़ती संख्या को दृष्टिगत रखते हुए स्वच्छता प्रबंधन हेतु जागरूक किया ताकि इस अनूठे उष्ट्र पर्यटन क्षेत्र के सौन्दर्य को बनाया रखा जा सकें।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# जोकोविच का रिकॉर्ड 95वां खिताब, मैराथन मुकाबले में जीता तीसरा सिनसिनाटी ओपन

## तीन घंटे 49 मिनट में अल्कराज को 5-7, 7-6 (7), 7-6 (4) से हराया

एजेंसी ▶▶| मेसन

नोवाक जोकोविच ने लगभग चार घंटे तक चले मैराथन मुकाबले में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज को हराकर वेस्टर्न एंड सदर्न ओपन टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष एकल का खिताब जीता। जोकोविच ने यह मैच 5-7, 7-6 (7), 7-6 (4) से जीतकर अल्कराज से पिछले महीने विंबलडन फाइनल में मिली हार का बदला भी चुकता किया।

यह मैच तीन घंटे 49 मिनट तक चला जो कि 1990 के बाद एटीपी टूर के इतिहास में सबसे लंबा तीन सेट वाला फाइनल था। दूसरी वरीयता प्राप्त जोकोविच के कॅरियर का यह 95वां खिताब है और वह इवान लेंडल को पीछे छोड़ कर 1968 के बाद ओपन युग में सर्वाधिक खिताब जीतने वाले खिलाड़ियों में तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं।

### यह सबसे अधिक रोमांचक मैच

सर्बिया के रहने वाले जोकोविच कोविड-19 से जुड़े प्रतिबंधों के कारण पिछले दो वर्षों में अमेरिकी धरती पर अपना पहला टूर्नामेंट खेल रहे थे। उन्होंने पांचवें मैच प्वाइंट पर जीत दर्ज करके छह वर्षों में सिनसिनाटी में अपना तीसरा खिताब जीता। जोकोविच ने मैच के बाद कहा, 'मैंने जितने भी टूर्नामेंट खेले उन सभी में यह सबसे अधिक रोमांचक मैचों में से एक था। मुझे ऐसा लगा जैसे कि मैं ग्रैंड स्लैम में खेल रहा हूं।'



### पिछला रिकॉर्ड टूटा

यह सिनसिनाटी में खेला गया सबसे लंबी अवधि का मैच था। पिछला रिकॉर्ड 2010 में बना था जब रोजर फेडरर ने मार्डी फिश को दो घंटे 49 मिनट में हराया था। अल्कराज ने पिछले महीने विंबलडन के फाइनल में जोकोविच को पांच सेट में पराजित किया था।

## कोको गॉफ महिला एकल चैंपियन



अमेरिका की कोको गॉफ ने करोलिना मुचोवा को सीधे सेटों में हराकर वेस्टर्न एंड सदर्न ओपन टेनिस टूर्नामेंट में महिला एकल का खिताब जीता। गॉफ ने फाइनल में मुचोवा को 6-3, 6-4 से पराजित किया। यह 19 वर्षीय खिलाड़ी पिछले 50 वर्षों से भी अधिक समय में सिनसिनाटी में खिताब जीतने वाली पहली किशोरी हैं। फ्रेंच ओपन 2022 की उपविजेता गॉफ का यह पहला मास्टर्स 1000 खिताब है। इस एक घंटे 56 मिनट तक चले मैच में उन्होंने चौथे मैच प्वाइंट पर जीत दर्ज की। गॉफ ने जीत के बाद कहा, 'यह अविश्वसनीय है। मैं करोलिना को इस टूर्नामेंट में शानदार अभियान के लिए बधाई देना चाहती हूं। उम्मीद है कि हम इससे भी बड़े स्तर पर लगातार एक-दूसरे के खिलाफ खेलते रहेंगे।'

## खबर संक्षेप



### न्यूकैसल में तीसरे स्थान पर रहे लाहिड़ी

**न्यूकैसल।** भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी ने अंतिम दौर में तीन अंडर 68 का अच्छा स्कोर बनाया, जिससे वह इंटरनेशनल सीरीज इंग्लैंड में तीसरे स्थान पर रहे। लाहिड़ी ने पहले तीन दौर में 70, 69 और 69 का स्कोर बनाया था। इस तरह से उनका कुल स्कोर आठ अंडर 276 रहा तथा वह एंडी ओगलेट्री और इयान पॉल्टर के बाद तीसरे स्थान पर रहे। भारत के अन्य खिलाड़ियों में अजितेश संधू (71-72-71-72) संयुक्त 31वें, गगनजीत भुल्लर (76-67-75-76) संयुक्त 65वें और ज्योति रंधावा (74-71-81-74) संयुक्त 74वें स्थान पर रहे।

### संस्थानिक लीग में दिखाई दिलचस्पी

**नई दिल्ली।** इस साल के आखिर में शुरू होने वाली अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ की संस्थानिक लीग में कई नामी संस्थानों ने दिलचस्पी दिखाई है। एआईएफएफ की विज्ञप्ति के अनुसार जो संस्थान इस प्रतियोगिता में भाग लेना चाहते हैं, उनमें सीमा सुरक्षा बल, भारतीय नौसेना, भारतीय खाद्य निगम, ईएसआईसी, चेन्नई सीमा शुल्क, नियंत्रक और महालेखा परीक्षक, दिल्ली शामिल हैं। विज्ञप्ति में कहा गया है कि कार्यकारी समिति ने इस साल 14 अप्रैल को देश में एमेच्योर फुटबॉल को भी समान महत्व देने का फैसला किया था और उसका मानना है कि इससे प्रतिस्पर्धा का स्तर बढ़ेगा और खिलाड़ियों को अधिक सुरक्षा मिलेगी।



### चेन्नईयिन एफसी ने क्रिस्टियन को जोड़ा

**चेन्नई।** पूर्व चैंपियन चेन्नईयिन एफसी ने इंडियन सुपर लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के आगामी सत्र के लिए इटली के मिडफील्डर क्रिस्टियन बटोचियो के साथ करार किया है। बटोचियो गुवाहाटी में टीम से जुड़ गए हैं और उनके डूरंड कप क्वार्टर फाइनल में खेलने की संभावना है। अर्जेंटीना में जन्में बटोचियो ने कहा, 'मैं वास्तव में बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं क्योंकि क्लब और कोच मुझे यहां चाहते थे। कोच से मेरी बात हुई और उन्होंने बताया कि मेरे लिए उनके पास विशेष योजना है।'

### भविष्यवाणी करने के लिए तैयार नहीं

**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक सुनिश्चित नहीं हैं कि टीम अगले महीने होने वाले हांगझोउ एशियाई खेलों में क्या नतीजा हासिल करेगी क्योंकि इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का प्रारूप अंडर-23 वर्ग का है और साथ ही विरोधी टीमों के बारे में अधिक जानकारी हासिल नहीं है। यह पूछने पर कि एशियाई खेलों में वह किसी नतीज से संतुष्ट होंगे, स्टिमक ने सोमवार को कहा कि भारत की टीम मजबूत है लेकिन वह एकमात्र टीम है जिसने अंडर-23 वर्ग में पिछले दो साल में एक भी मैच नहीं खेला है जिसके कारण नतीजे की भविष्यवाणी करना मुश्किल है।

## विश्व चैंपियनशिप

# प्रणय और सेन की पहले दौर में धमाकेदार जीत

### प्रणय की कोले कोलजोनेन खिलाफ यह तीन मैचों में तीसरी जीत

एजेंसी ▶▶| कोपेनहेगन

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन सोमवार को यहां क्रमशः कोले कोलजोनेन और जॉर्जेस जूलियन पॉल पर सीधे गेम में जीत के साथ विश्व चैंपियनशिप के पुरुष एकल के दूसरे दौर में पहुंच गए। विश्व चैंपियनशिप के पिछले दो सत्र में क्वार्टर फाइनल तक पहुंचने वाले दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय ने वामहस्त कोलजोनेन को सीधे गेम में 24-22, 21-10 से हराया। प्रणय की फिनलैंड की इस खिलाड़ी के खिलाफ यह तीन मैचों में तीसरी जीत है। राष्ट्रमंडल खेलों के मौजूदा स्वर्ण पदक विजेता सेन ने मॉरीशस के पॉल को महज 25 मिनट तक चले एकतरफा मुकाबले में 21-12, 21-7 से शिकस्त दी। विश्व चैंपियनशिप (2021) में कांस्य पदक जीत चुके अल्मोडा के शटलर के सामने अगले दौर में कोरिया के जियोन ह्योक जिन जबकि केरल के 31 वर्षीय खिलाड़ी प्रणय के सामने इंडोनेशिया के चिको ऑरा ड्वी वार्डोयो की चुनौती हो सकती है।




### सेट 1

पहले सेट में कोलजोनेन ने प्रणय पर 8-4 की बढ़त के साथ अच्छी शुरुआत की। प्रणय ने इसके बाद वापसी करते हुए ब्रेक के समय तीन अंक (11-8) की बढ़त कायम कर ली। प्रणय ने शटल को नेट पर खेल दिया जिससे फिनलैंड के खिलाड़ी को 22-21 की बढ़त मिल गई। कोलजोनेन हालांकि इसका फायदा उठाने में विफल रहे और भारतीय खिलाड़ी ने लगातार तीन अंक बनाकर सेट जीत लिया।

### सेट 2

दूसरे सेट की शुरुआत में भी दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ लेकिन प्रणय ने 6-5 की बढ़त लेने के बाद ब्रेक तक इसे 11-5 कर दिया। प्रणय ने ब्रेक के बाद भी कोलजोनेन पर दबाव बनाए रखा और 12 मैच प्वाइंट हासिल किए। प्रणय इसमें से पहले मैच प्वाइंट को भुनाने में नाकाम रहे लेकिन फिर शानदार स्मैश के साथ मैच अपने नाम कर लिया।

### दो सेट में जीते सेन

सेन इससे पहले राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान पॉल को हरा चुके है। उन्हें इस बार भी अपने प्रतिद्वंद्वी को पछाड़ने में कोई परेशानी नहीं हुई। उन्होंने शुरुआती गेम में 11-3 की बढ़त बना ली। पॉल हालांकि इसे 8-12 करने में सफल रहे, लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने दबदबा बनाते हुए पहला गेम अपने नाम कर लिया। सेन का यह दबदबा दूसरे गेम में भी जारी रहा। उन्होंने 13-2 की बड़ी बढ़त बनाकर पॉल के लिए वापसी की संभावना को काफी मुश्किल कर दिया।

# भारतीय जूनियर हॉकी टीम ने इंग्लैंड को 4-0 से हराया



एजेंसी ▶▶| डसेलडोर्फ

भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने सोमवार को यहां चार देशों के टूर्नामेंट में इंग्लैंड के खिलाफ 4-0 की आसान जीत दर्ज की। भारत की ओर से राजिंदर सिंह (13वें मिनट), आमिर अली (33वें मिनट), अमनदीप लाकड़ा (41वें मिनट) और अरिजीत सिंह हुंदल (58वें मिनट) ने गोल दागे।

भारत ने मैच में सतर्क शुरुआत की। राजिंदर ने 13वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत को बढ़त दिलाई। एक गोल से पिछड़ने के बाद इंग्लैंड ने दूसरे क्वार्टर में कई हमले किए लेकिन टीम को गोल करने में सफलता नहीं मिली। मध्यांतर तक भारतीय टीम 1-0 से आगे थी। तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में ही आमिर अली ने मैदानी गोल दागकर भारत को 2-0 से आगे कर दिया। दो गोल की बढ़त बनाने के बाद भारत ने हमले तेज किए। अमनदीप ने तीसरे क्वार्टर के अंतिम लम्हों में पेनल्टी कॉर्नर पर एक और गोल दागकर टीम को 3-0 से आगे किया। अरिजीत ने मैच खत्म होने से दो मिनट पहले एक और गोल दागकर भारत की 4-0 से जीत सुनिश्चित की।

### टीम से बाहर होने से हो गया था हताश

**लंदन।** अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने सोमवार को स्वीकार किया कि भारतीय टेस्ट टीम से बाहर होना एक निराशाजनक अनुभव था और इससे उन्हें आत्म-संदेह और अहं पर चोट का सामना करना पड़ा। पैंतीस साल के इस बल्लेबाजी को वेस्टइंडीज दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में जगह नहीं मिली थी। भारत के लिए 103 टेस्ट खेलने वाले पुजारा ने राष्ट्रीय टीम के लिए पिछला टेस्ट जून में द ओवल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के रूप में खेला था जिसमें उन्होंने 14 और 27 रन बनाए थे।

## स्पेन को खिताब दिलाने के बाद पता चला कि पिता जी नहीं रहे

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड



स्पेन की तरफ से महिला विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में निर्णायक गोल दागने वाली ओल्गा कार्मोना को इस मैच के बाद पता चला कि उनके पिता अब इस दुनिया में नहीं रहे।

स्पेनिश फुटबॉल महासंघ ने सोमवार को बताया कि कार्मोना के पिता बीमार थे और उनका निधन हो गया है। जबकि उनकी मां और अन्य रिश्तेदार फाइनल देखने के लिए ऑस्ट्रेलिया गए हुए थे। महासंघ ने निधन के कारणों के बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी। कार्मोना के परिजनों ने उन्हें यह दुखद समाचार देने से पहले खिताबी जश्न खत्म होने का इंतजार किया। कार्मोना ने एक्स पर लिखा, 'इसके बारे में कुछ भी जाने बिना खेल शुरू होने से पहले मेरे साथ मेरा सितारा था। मैं जानती थी कि कुछ खास हासिल करने के लिए आपने मुझे शक्ति प्रदान की थी। मैं जानती थी कि आज रात आप मुझे देख रहे हो और आपको मुझ पर गर्व है। आपकी आत्मा को शांति मिले डैड।' अंतिम सीटी बजने के बाद स्पेन की खिलाड़ी मैदान पर जश्न मनाने लगी थी। इसके बाद पुरस्कार वितरण समारोह में भी कार्मोना ने सामान्य तरीके से भाग लिया और उन्हें तब तक अपने पिता के निधन की जानकारी नहीं थी।

## जबरदस्ती 3 बार होठों पर किया किस, प्रेसिडेंट की गंदी हरकत

फीफा विमेंस वर्ल्ड कप 2023 के खिताबी मुकाबले में दुनिया की फेवरिट इंग्लैंड को धूल चटाते हुए विश्व विजेता होने का गौरव हासिल कर लिया। एक ओर जहां स्पेनिश टीम जश्न में डूबी थी तो एक ऐसी शर्मनाक घटना घटी, जिससे पूरी दुनिया हैरान रह गई। स्पेन की स्ट्राइकर जेनी हर्मोसो को स्पेनिश एफए अध्यक्ष लुईस रुबियल्स ने जश्न के दौरान एक नहीं, 3 बार होठों पर किस किया। इससे पूरी दुनिया गुस्से में है। वहीं, खिलाड़ी ने कहा- मैं असहाय हूं, क्या करूं। यह घटना उस वक्त घटी जब महिला खिलाड़ी पोडियम पर मेडल लेने के बाद आगे बढ़ रही थीं। वहां मौजूद स्पेनिश एफए अध्यक्ष लुईस रुबियल्स ने स्पेन की स्ट्राइकर जेनी हर्मोसो से मिलते ही गले लगा लिया। यह हालांकि थोड़ा अजीब दिख रहा है क्यों वह वह महिला खिलाड़ी को लगभग दबोचते दिख रहे हैं। इसके बाद सिर को दोनों हाथों से पकड़कर जबरदस्ती किस किया। लुईस सिर्फ यहीं नहीं रुके जबरदस्त 3 बार किस करने के बाद पीठ के नीचले हिस्से पर हाथ मारते दिखे। सोशल मीडिया पर इसका भयंकर विरोध जता रहे हैं। एक यूजर ने लिखा कि मुझे नहीं लगता है कि यह सहमति से हुआ है। यह बेहद शर्मनाक है।



### क्लीवलैंड ओपन से हटी चोटिल वीनस

**क्लीवलैंड।** वीनस विलियम्स घुटने की चोट के कारण क्लीवलैंड टेनिस टूर्नामेंट से हट गई हैं लेकिन इस सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन को अगले सप्ताह से शुरू होने वाले अमेरिकी ओपन तक फिट होने की उम्मीद है। इस डब्लूटीए 250 टेनिस टूर्नामेंट के आयोजकों ने एक वीडियो जारी किया है, जिसमें वीनस ने कहा, 'दुर्भाग्य से मेरा घुटना चोटिल हो गया है जिससे मुझे खेलने में परेशानी हो रही है।' इस 43 वर्षीय खिलाड़ी को 28 अगस्त से शुरू होने वाले अमेरिकी ओपन में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया है।



## विद्यासागर की हैट्रिक, 5-0 से जीता केरल



**कोलकाता।** विद्यासागर सिंह की गोल की हैट्रिक के दम पर केरल ब्लास्टर्स ने डूरंड कप मैच में सोमवार के यहां भारतीय वायुसेना फुटबॉल टीम को 5-0 से करारी शिकस्त दी। विद्यासागर ने ग्रुप सी के इस मैच के 12वें, 62वें और 82वें मिनट में गोल दागे। टीम के लिए दो अन्य गोल मोहम्मद अमीन (नौवें मिनट) और दानिश फारूक (57वें मिनट) ने किये। इस जीत के बाद केरल ब्लास्टर्स के नाम चार अंक हो गए लेकिन टीम क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रही। इस ग्रुप में लगातार दो जीत दर्ज करने वाली गोकुलम केरल ने अंतिम आठ में अपनी जगह बना ली है।

### फाइनल की मेजबानी करेगा लुसैल स्टेडियम

**कुआलालंपुर।** पिछले साल विश्व कप फाइनल की मेजबानी करने वाला एतिहासिक लुसैल स्टेडियम एएफसी एशियाई कप फुटबॉल टूर्नामेंट के पहले और फाइनल मैच की मेजबानी करेगा। स्थानीय आयोजन समिति ने सोमवार को यह जानकारी दी। टूर्नामेंट की शुरुआत 12 जनवरी को गत चैंपियन कतर और लेबनान के बीच ग्रुप ए के मैच के साथ होगी। फाइनल 10 फरवरी को खेला जाएगा। भारतीय टीम को 2015 के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, उज्बेकिस्तान और सीरिया के साथ ग्रुप बी में रखा गया है। भारत अपने अभियान की शुरुआत 13 जनवरी को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करेगा।

## साई ने विश्व चैंपियनशिप के लिए मांगा स्पष्टीकरण

# बजरंग ट्रायल दें या फिटनेस प्रमाणपत्र दिखाएं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




भारतीय खेल प्राधिकरण चाहता है कि ओलंपिक पदक विजेता पहलवान बजरंग पूनिया विश्व चैंपियनशिप के ट्रायल में शामिल हो और अगर वह पटियाला में इस सप्ताह होने वाले ट्रायल से छूट चाहते हैं तो फिटनेस प्रमाणपत्र प्रदान करें।

बजरंग 25 और 26 अगस्त को विश्व चैंपियनशिप के ट्रायल में भाग नहीं लेने की योजना बना रहे हैं। वह 23 सितंबर से हांगझोउ में शुरू होने वाले एशियाई खेलों की तैयारी के लिए विदेश में अभ्यास करना चाहते हैं। बजरंग भारतीय कुश्ती महासंघ के निवर्तमान प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन करने वाले छह पहलवानों में शामिल थे। उनके अलावा राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता दीपक पूनिया (86 किग्रा) भी 16 सितंबर से बेलग्रेड में विश्व चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा करने के इच्छुक नहीं हैं। दीपक भी एशियाई खेलों की तैयारी के लिए लंबे समय तक विदेश में अभ्यास करना चाहते हैं। बजरंग ने किर्गिस्तान के इससिक-कुल (21 अगस्त-28 सितंबर) में प्रशिक्षण का प्रस्ताव भेजा है तो वहीं दीपक एशियाई खेलों से पहले पांच सप्ताह (23 अगस्त से 28 सितंबर) तक खासाव्युर्ट (रूस) में प्रशिक्षण लेना चाहते हैं।

### खेल प्राधिकरण नाखुश

विश्व चैंपियनशिप 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए पहला क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट है और साई इस बात से नाखुश है कि देश के दो शीर्ष पहलवान ट्रायल और इस अहम प्रतियोगिता में भाग नहीं लेना चाहते हैं। साई चाहता है कि दोनों पहलवान पहले अपनी फिटनेस साबित करने के लिए विश्व चैंपियनशिप के ट्रायल में प्रतिस्पर्धा करें और उसके बाद हम विदेश में उनके प्रशिक्षण प्रस्ताव पर विचार करने को तैयार हैं। साइ के अधिकारी ने कहा, 'हमने बजरंग से यह भी कहा है कि अगर वह ट्रायल्स को पूरी तरह से छोड़ना है तो अपना फिटनेस प्रमाणपत्र प्रदान करें। हमें सहयोगी स्टाफ के लिए भी उनका अनुरोध प्राप्त हुआ है। मामला अभी मिशन ओलंपिक सेल के पास है और वे इस पर फैसला लेंगे।'

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

पंजाब से राज्यसभा सदस्य विक्रमजीत सिंह साहनी ने सदन में उठाया था मुद्दा

# लीबिया जेल से रिहा होने के बाद स्वदेश लौटे 17 युवक

## ट्रेवल एजेंटों ने की धोखाधड़ी, इटली में नौकरी का दिया लालच

एजेंसी ▶▶ त्रिपोली

उत्तरी अफ्रीकी देश से लौटने पर इन युवाओं के परिवार वालों ने इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। इस बीच कई लोगों को रोते हुए देखा गया। लीबिया पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने से पहले इन युवाओं को लीबिया के जवारा शहर में सशस्त्र समूह ने कई महीनों तक कैद में रखा था।

- इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर वापसी, हुआ स्वागत
- लीबिया पुलिस ने अवैध रूप से प्रवेश के आरोप में हिरासत में लिया
- ज्यादातर युवा पंजाब और हरियाणा के रहने वाले थे




लीबिया की त्रिपोली में फंसे 17 भारतीय युवक भारत लौटे। वे 21 अगस्त को अपने माता-पिता से मिले। बता दें कि उन्हें लीबिया पुलिस ने देश में अवैध रूप से प्रवेश करने के आरोप में हिरासत में लिया था, इनमें से ज्यादातर युवा पंजाब और हरियाणा के हैं।

### ट्यूनीशिया में भारतीय दूतावास से संपर्क

साहनी ने सदन को बताया कि मामला मई में सामने आया था, जिसके बाद उन्होंने उन युवकों के बचाव के लिए ट्यूनीशिया में भारतीय दूतावास से संपर्क किया। उन्होंने कहा मेरा ऑफिस उन लड़कों और उनके परिवारों के साथ लगातार संपर्क में था। शुरुआत में हमारी चिंता उन्हें स्थानीय माफिया की कैद से बाहर निकालना था।

### भारत से इटली के लिए रवाना हुए थे युवक

साहनी ने कहा, "वे सभी फरवरी 2023 में दुबई और मिस्र के रास्ते भारत से इटली के लिए रवाना हुए। कुछ दिनों के बाद वे लीबिया में उतरे और जुवारा शहर में रहे, जहां उन्हें भोजन और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं भी नहीं दी गई। इतना ही नहीं उनके साथ मारपीट भी की गई।

### एजेंटों ने की थी आकर्षक नौकरी की पेशकश

उन्हें दिल्ली और पंजाब के कुछ ट्रैवल एजेंटों ने इटली में आकर्षक नौकरी की पेशकश की थी। नौकरी के लालच में आकर सभी युवा अवैध तरीके से लीबिया पहुंचे। इतना ही नहीं एजेंटों ने उनसे लाखों रुपये की ठगी भी की। इस मामले में जुलाई महीने में संसद के मानसून सत्र के दौरान पंजाब से राज्यसभा सदस्य विक्रमजीत सिंह साहनी ने सदन को बताया था कि इन युवाओं को पिछले महीने त्रिपोली जेल से रिहा किया गया था।

ब्रिक्स देशों के राष्ट्राध्यक्ष या सरकारी प्रमुख वर्चुअल नहीं, आमने- सामने से होंगे रूबरू, पुतिन नहीं होंगे शामिल

# ब्रिक्स न बने पश्चिमी देशों के विरोध का ठिकाना, भारत इस बिंदु का रखेगा ध्यान

## चीन-रूस की मंशा पर नज़र, सम्मेलन में हिस्सा लेने पीएम मोदी जाएंगे दक्षिण अफ्रीका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में होने वाला सालाना शिखर सम्मेलन ब्रिक्स का 15वां समिट होगा। भारत की ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसमें हिस्सा लेंगे। इसके पीएम मोदी 22 से 24 अगस्त के बीच जोहान्सबर्ग की यात्रा पर रहेंगे। ऐसे तो ब्रिक्स का हर सालाना शिखर सम्मेलन इसके सदस्यों के लिए कूटनीतिक तौर से महत्वपूर्ण होता है, लेकिन इस बार का समिट कई वजहों से बेहद ख़ास है। उसमें भी भारतीय हितों के नजरिए से सोचें, तो भारत के लिए जोहान्सबर्ग समिट का मायने बढ़ जाता है।

### ब्रिक्स के संभावित विस्तार पर नज़र

ब्रिक्स के 15वें समिट पर न सिर्फ़ इसके सदस्य देशों की निगाहें हैं, इस बार इस समिट पर पूरी दुनिया की नज़र टिकी है। इसका कारण ब्रिक्स के संभावित विस्तार से जुड़ा पहलू है। पिछले कुछ सालों से ब्रिक्स को लेकर दुनिया में आकर्षण बढ़ा है। फिलहाल जैसा कि नाम से ही स्पष्ट है, ब्रिक्स में 5 सदस्य हैं। ब्रिक्स का हर लेटर इसके सदस्य देशों के नाम का पहला अक्षर है। इसमें ब्राजील, रूस, इंडिया, चीन और दक्षिण अफ्रीका सदस्य हैं।

### ख़ास बातें

- जोहान्सबर्ग में हो रहा सालाना शिखर सम्मेलन ब्रिक्स का 15वां समिट
- ब्रिक्स समिट 2023 में सबकी नज़र इस समूह के विस्तार से जुड़े मसले पर होगी
- कूटनीतिक तौर से होता है महत्वपूर्ण




### मोदी-जिनपिंग होंगे आमने-सामने

समिट वर्चुअल नहीं हो रहा है और रूस को छोड़कर भारत, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका और चीन के राष्ट्र प्रमुख या सरकारी प्रमुख जोहान्सबर्ग में एक-दूसरे के आमने-सामने होंगे। ये भारत के लिए इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग जोहान्सबर्ग आएंगे। बता दें पिछले 3 साल से वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी पर तनाव की वजह से भारत और चीन के रिश्ते काफी खराब हुए हैं। ऐसे में जोहान्सबर्ग में एक मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग का मौजूद होना द्विपक्षीय संबंधों के लिहाज़ से भी कूटनीतिक मायने रखता है। अगर ऐसा हुआ तो सीमा पर तनाव से बिगड़े रिश्ते में थोड़ी सुधार की गुंजाइश बढ़ सकती है।

### मौजूदा वैश्विक व्यवस्था में कूटनीति

आज के वैश्विक व्यवस्था में अब ब्रिक्स की अहमियत काफी बढ़ गई है। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध शुरू होने के बाद पूरी वैश्विक व्यवस्था में तीन तरह के कूटनीतिक सिद्धांतों का दबाव बनने लगा है। पहला अमेरिका समेत पश्चिम देशों का गुट है, इसमें यूरोप के विकसित देशों के साथ ही जापान, ऑस्ट्रेलिया जैसे देश भी शामिल हैं। इस गुट की मंशा होती है कि वैश्विक व्यवस्था में उन नीतियों को ज्यादा से ज्यादा जगह मिले जिससे रूस और चीन जैसे देशों पर नकेल कसने में मदद मिले। वहीं दूसरा गुट रूस और चीन के साथ ही उसके समर्थन में रहने वाले देशों का है।

### ब्रिक्स सदस्यता को लेकर कई देशों की रुचि

दुनिया के कौन-कौन से देश ब्रिक्स की सदस्यता को लेकर ज्यादा उत्सुक हैं। 40 से ज्यादा देश सदस्यता हासिल करने में रुचि दिखा रहे हैं। ईरान, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, कजाकिस्तान, इंडोनेशिया और अर्जेंटीना के साथ ही मिस्र, बांग्लादेश, क्यूबा, कांगो, कोमोरोस, गैबन और गिनी बिसाऊ भी ब्रिक्स की सदस्यता को लेकर ख़ास इच्छुक नज़र आ रहे हैं। केपटाउन में जून की शुरुआत में हुई ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों की बैठक में इन देशों ने या तो अपने प्रतिनिधि भेजे थे या फिर वर्चुअल तरीके से शामिल हुए थे। इसके अलावा अल्जीरिया, बहरीन, बेलारूस, मैक्सिको, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, निकारगुआ, नाइजीरिया, ज़िम्बाब्वे, सेनेगल, सूडान, सीरिया, थाईलैंड, ट्यूनीशिया, तुर्किये, वेनेज़ुएला और उरुग्वे भी इसमें शामिल होने के लिए रुचि दिखा रहे हैं। ऐसे तो 40 से ज्यादा देश हैं।

### विस्तार के विरोध में नहीं है भारत

ब्रिक्स के विस्तार को लेकर 2020 से चर्चा तेज़ हुई है। रूस और चीन विस्तार को लेकर ख़ासे उत्साहित हैं। विस्तार को लेकर रूस और चीन दबाव भी बना रहे हैं। भारत ब्रिक्स के विस्तार के विरोध में नहीं है। भारत की चिंता का दो पहलू है। पहला विस्तार से ब्रिक्स समूह की प्रासंगिकता न केवल बरकरार रहे। दूसरा पहलू भारत के हितों से जुड़ा है। भारत ब्रिक्स के विस्तार को किसी ख़ास देश के एजेंडे का हिस्सा नहीं बनना देना चाहता है। अगस्त की शुरुआत में ही विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने ब्रिक्स विस्तार विरोधी अटकलों को निराधार, बेबुनियाद और मनगंढत बताया था। भारत बहुध्रुवीय दुनिया के पक्ष में है।

### चीन,रूस विस्तार को लेकर उतावले

चीन और रूस विस्तार को लेकर जिस तरह से उतावले दिख रहे हैं, उसमें इसकी संभावना बन सकती है कि ये दोनों ही देश विस्तार के बहाने ब्रिक्स को पश्चिमी देशों के विरोध का एक मंच या ठिकाना बना दे। ऐसे भी ब्रिक्स को लेकर लंबे वक्त से इस तरह की बातें होते रही हैं कि ये समूह वैश्विक व्यवस्था में दुनिया के सबसे मजबूत आर्थिक ताकतों के मंच जी 7 का प्रतिद्वंद्वी है। अब अगर अमेरिका और पश्चिमी देशों की नीतियों की खुलेआम आलोचना करने वाले ईरान जैसे मुल्कों को ब्रिक्स में जगह दे दी गई तो इस समूह पर पश्चिमी देशों के विरोध के लिए एक मंच होने का टैग लग सकता है। तो ब्रिक्स जैसी संस्था के विश्वसनीयता के लिहाज़ से उचित है।

### पश्चिमी देशों का विरोधी मंच न बने

भारत के लिए इस वक्त अमेरिका समेत यूरोप के तमाम देश बेहद महत्वपूर्ण हैं। वे चाहे जर्मनी हो या फ्रांस, चाहे ब्रिटेन गो या इटली और नीदरलैंड्स। साथ ही जापान और ऑस्ट्रेलिया इंडो पैसिफिक रीजन में भारत के लिए सामरिक महत्व रखने वाले देश हैं। भारत और अमेरिका की साझेदारी बेहद मजबूत हुई है। फ्रांस के साथ भी भारत का रक्षा सहयोग काफ़ी बढ़ा है। स्पष्ट तौर से कहें तो रूस की चीन के साथ बढ़ती नजदीकियों को देखते हुए रक्षा सहयोग के संदर्भ में अमेरिका और फ्रांस वर्तमान और भविष्य दोनों के लिहाज़ से भारत की रक्षा जरूरतों के लिए कूटनीति तौर से प्रासंगिक हैं। ब्रिक्स पर ऐसा कोई टैग लगे कि ये पश्चिमी देशों का विरोधी मंच है।




## मत्स्य पालन, जलीय कृषि को बढ़ाने के तरीके खोजने नार्वे पहुंचे केंद्रीय मंत्री

- डेयरी मंत्री परषोत्तम रूपाला 21 अगस्त से 24 अगस्त तक नॉर्वे की यात्रा पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री परशोत्तम रूपाला एक प्रतिनिधिमंडल के साथ नॉर्वे की आधिकारिक यात्रा पर जा रहे हैं। इस यात्रा का उद्देश्य मत्स्य पालन, संसाधन प्रबंधन, अनुसंधान, नवाचार और व्यापार को बढ़ावा देना है। केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री परशोत्तम रूपाला के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल एवं मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री डॉ. एल मुरुगन के साथ 21 अगस्त से 24 अगस्त, 2023 तक नॉर्वे के दौरे पर हैं। उनके साथ एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी जा रहा है। इस चार दिवसीय यात्रा का उद्देश्य मत्स्य पालन और जलीय कृषि के क्षेत्र में भारत और नॉर्वे के बीच द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करना है।

### क्या है यात्रा का उद्देश्य?

इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य मत्स्यपालन और जलीय कृषि के क्षेत्र में भारत और नॉर्वे के बीच द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करना है। यह प्रतिनिधिमंडल नॉर्वे में ट्रॉनहैम में 22 से 24 अगस्त तक होने वाली द्विवार्षिक जलीय कृषि प्रदर्शनी में भाग लेगा। इसके साथ ही व्यापार मेले, 'एक्वा नोर 2023' में भी भाग लेगा। जलीय कृषि प्रौद्योगिकी और नवाचार के लिए दुनिया के सबसे बड़े व्यापार शो में से एक है। यह प्रदर्शनी टिकाऊ और लाभदायक जलीय कृषि के लिए नए विकास और समाधान को प्रदर्शित करेगी। प्रतिनिधिमंडल विभिन्न नॉर्वेजियन कंपनियों के साथ बातचीत करेगा जिनके पास मछली पालन और जलीय कृषि के विभिन्न पहलुओं, जैसे मछली स्वास्थ्य, चारा, आनुवंशिकी, उपकरण, प्रसंस्करण और विपणन में विशेषज्ञता होती है।

### जलीय कृषि में निवेश की संभावना

नॉर्वे में प्रतिनिधिमंडल मत्स्य पालन और जलीय कृषि से संबंधित कुछ अत्याधुनिक सुविधाओं, जैसे मछली पकड़ने के जहाज, मछली पकड़ने के बंदरगाह, हैचरी, पिंजरे फार्म और समुद्री खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों का भी दौरा करेगा। यह प्रतिनिधिमंडल नॉर्वेजियन अनुभव से सीखकर इन क्षेत्रों में सहयोग और निवेश की संभावनाओं का पता लगाएगा।

## ख़बर संक्षेप

### किमजोंग ने किया क्रूज मिसाइल का परीक्षण



**उत्तर कोरिया।** तानाशाह किम जोंग उन की मौजूदगी में नॉर्थ कोरिया ने क्रूज मिसाइल का परीक्षण किया है। नेवी शिप से क्रूज मिसाइल को टेस्ट फायर किया गया। माना जा रहा है कि ये मिसाइल न्यूक्लियर वॉरहेड को ले जाने में सक्षम है।

### ब्रिटेन: कबड्डी मैच में तलवार, गोलियां चलीं



**लंदन।** इंग्लैंड के ईस्ट मिडलैंड्स क्षेत्र में ब्रिटिश पंजाबी समुदाय के कबड्डी टूर्नामेंट में हुए 'बड़े स्तर पर व्यवधान' के बाद तीन लोग जख्मी हो गए हैं जिनमें से एक की हालत गंभीर है। एल्वास्टन लेन इलाके में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

### बर्नार्डो होंगे ग्वाटेमाला के अगले राष्ट्रपति



**ग्वाटेमाला।** बर्नार्डो अरेवालो ने ग्वाटेमाला के राष्ट्रपति चुनाव में जीत दर्ज की है। ग्वाटेमाला के राष्ट्रपति चुनाव के 95 प्रतिशत वोटों की गिनती हो चुकी थी, जिसमें से 59.1 प्रतिशत वोट बर्नार्डो अरेवालो को मिले हैं। अरेवालो ने पूर्व प्रथम महिला सांड्रा टोरेस को हराया। जिन्हें 36.1 प्रतिशत वोट मिले।

किशोरों में सहमति से संबंधों को दुष्कर्म न मानने की मांग

## सुप्रीम कोर्ट में दायर की अर्जी संगठनों को जारी किया नोटिस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में किशोरों में सहमति से यौन संबंध को अपराध न मानने की मांग से जुड़ी अर्जी दायर हुई है। इस पर कोर्ट ने केंद्र से रुख पूछा है। इसे आमतौर पर रोमियो और जूलिएट कानून कहा जाता है, जो दुनिया के कई देशों में लागू है। याचिका में दावा किया गया है कि किशोर (18 साल से कम उम्र के) अपनी मर्जी से शारीरिक संबंध बनाते हैं, पर कानूनी तौर पर ये अपराध है। ये दुष्कर्म की श्रेणी में आता है। कानून के मुताबिक, कई मामलों में लड़का तब सजा का हकदार बनता है, जब लड़कियां गर्भवती हो जाती हैं।



### जनहित याचिका में क्या है?

वकील हर्ष विभोर सिंघल ने दायर की है। नाबालिगों के बीच यौन संबंधों के मामले में दुष्कर्म से जुड़े कानून को चुनौती देती है। सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय महिला आयोग, कानून और न्याय मंत्रालय, गृह मंत्रालय को नोटिस जारी किया है। मांग की गई है कि संविधान के अनुच्छेद 32 या अनुच्छेद 142 में दिए गए अधिकार का इस्तेमाल करते हुए सुप्रीम कोर्ट ऐसे निर्देश जारी करे।

यूपीआई से किया पेमेंट, जी-20 बैठक में हुए थे शामिल

## जर्मन मिनिस्टर ने बेंगलुरु के मार्केट में खरीदी सब्जी

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरू

जर्मनी के डिजिटल एंव परिवहन मंत्री वोल्कर विसिंग ने रविवार को बेंगलुरु के एक मार्केट में सब्जी खरीदी। इसके बाद उन्होंने मोबाइल से यूपीआई के जरिए पेमेंट किया। भारत में जर्मन दूतावास ने सोशल मीडिया पर इसका वीडियो शेयर किया। दूतावास ने इसके कैप्शन में लिखा- भारत की सफलता की कहानी में से एक डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर है। भारत के लाखों लोग इस्तेमाल करते हैं। परिवहन मंत्री विसिंग ने भी इसका इस्तेमाल किया, वे बहुत खुश थे।



### यूजर्स ने थैंक्यू कहा

अब सोशल मीडिया पर जर्मनी के मंत्री का वीडियो वायरल हो रहा है। जिस पर यूजर्स रिएक्शन भी दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा- भारत की डिजिटल आर्थिक क्रांति का हिस्सा बनने के लिए धन्यवाद। एक अन्य यूजर ने लिखा कि यह जर्मनी में जर्मन व्यापारियों और दुकानदारों के लिए एक सौगात होगा। जर्मनी यूपीआई प्लेटफॉर्म में कब शामिल हो रहा है?

## कोरोना के नए वेरिएंट को लेकर अलर्ट प्रधान सचिव ने की उच्च स्तरीय बैठक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में कोरोना की स्थिति का जायजा लेने के लिए केंद्र ने उच्च स्तरीय बैठक की। पीएम के प्रधान सचिव पीके मिश्रा ने कोविड-19 वर्तमान स्थिति और तैयारियों की इस समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान राज्यों से परीक्षण बढ़ाने, जीनोम सीक्वेंसिंग और कोरोना वायरस के नए वैश्विक वेरिएंट पर कड़ी नजर रखने को कहा। हाल ही में कोरोना के नए वेरिएंट बीए.2.86 से कई देशों में कोरोना के मामले बढ़े हैं। इस बैठक में नीति आयोग के सदस्य डॉ. विनोद पॉल, कैबिनेट सचिव राजीव गौबा, पीएमओ सलाहकार अमित खरे और अन्य अधिकारी शामिल हुए।

### दुनिया में तेजी से बढ़ रहे कोरोना केस

बैठक में स्वास्थ्य सचिव ने दुनिया में बढ़ रहे कोरोना केस की स्थिति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, जहां ईजी.5 (एरिस) 50 से अधिक देशों में रिपोर्ट किया गया है, वहीं बीए.2.86 (पिरोला) वेरिएंट के केस चार देशों में मिले हैं। बैठक में बताया गया कि पिछले 7 दिनों में वैश्विक स्तर पर कोविड-19 के कुल 2,96,219 नए मामले सामने आए, वहीं भारत में पिछले एक हफ्ते में केवल 223 नए मामले दर्ज किए हैं। स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि पूरे देश में नए कोरोना मामलों का दैनिक औसत 50 से नीचे बना हुआ है।

### राज्यों को दी गई ये सलाह

पीके मिश्रा ने जोर दिया कि हालांकि देश में कोविड-19 की स्थिति स्थिर बनी हुई है, लेकिन राज्यों को जीनोम सीक्वेंसिंग में तेजी लाते नए वैश्विक वेरिएंट पर कड़ी नजर बनाए रखना है। राज्यों को इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी (आईएलआई) और गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण (एसएआरआई) की निगरानी करने की जरूरत है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, कोरोना वायरस के संक्रमण से अब तक से 5,31,926 मरीजों की मौत हो चुकी है। अब तक संक्रमित हो चुके लोगों की संख्या 4,49,96,653 है।

यूथ-20 शिखर सम्मेलन में रोजगार, उद्योग, साझा भविष्य, जलवायु परिवर्तन पर चर्चा

देश-विदेश के कुल 125 प्रतिनिधियों ने लिया भाग

## युद्ध रहित युग की शुरुआत, जलवायु परिवर्तन और आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर सहमति

जी20 के अहम भाग के रूप में काम कर रहे वाय 20 शिखर सम्मलेन का आयोजन वाराणसी में हुआ था। यहां देश-विदेश के कुल 125 प्रतिनिधियों ने भाग लिया और कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई।

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

भारत को बीते वर्ष जी-20 की अध्यक्षता इंडोनेशिया ने सौंपी थी। इस दिन से भारत ने अध्यक्षता संभाली है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशानुसार विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इन्हीं कार्यक्रमों में से एक अहम कार्यक्रम है वाय 20 शिखर सम्मलेन। हाल ही में वाय 20 शिखर सम्मेलन 17 अगस्त से उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आयोजित किया गया था जिसका समापन सत्र 20 अगस्त को हुआ। यूथ 20 (वाय 20) शिखर सम्मेलन का आयोजन भारत के जी20 प्रेसीडेंसी के तहत युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा किया गया था।

- युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा शिखर सम्मेलन आयोजित
- फ्यूचर ऑफ़ वर्क: इंडस्ट्री 4.0, नवाचार और 21वीं सदी के कौशल

### इंडोनेशिया ने सौंपी थी भारत को बीते वर्ष जी-20 की अध्यक्षता



### यह हुए शामिल

भारत की अध्यक्षता में जी20 के समग्र ढांचे के हिस्से के रूप में वाय 20 ने दुनिया के लिए नए मील के पत्थर स्थापित किए हैं। सम्मेलन में जी20 देशों, अतिथि देशों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के लगभग 125 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

### प्रतिनिधियों ने काशी के किए दर्शन

4 दिवसीय शिखर सम्मेलन के दौरान, प्रतिनिधियों ने दौरान सारनाथ, प्रसिद्ध काशी विश्वनाथ मंदिर और गंगा घाट का दौरा किया। वाराणसी की समृद्ध और विविध सांस्कृतिक विरासत; इसकी आध्यात्मिकता, साहित्य ने प्रतिनिधियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### इन विषयों पर चर्चा किए हस्ताक्षर

ये वाय20 शिखर सम्मेलन, यूथ अथवा युवाओं के साथ मिलकर किया जाने कार्यक्रम है। । शिखर सम्मेलन के दौरान, वाय 20 विज्ञप्ति पर चर्चा और बातचीत की गई, उसके बाद सर्वसम्मति से इस पर सफलतापूर्वक हस्ताक्षर किए गए। इसमें फ्यूचर ऑफ़ वर्क: इंडस्ट्री 4.0, नवाचार और 21वीं सदी के कौशल, शांति निर्माण और सुलह: युद्ध रहित युग की शुरुआत, साझा भविष्य: लोकतंत्र और शासन में युवा, जलवायु परिवर्तन और आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर विशेष रूप से चर्चा हुई। इन विषयों पर आम सहमति बनाने के बाद, वाय 20 विज्ञप्ति पर जी20 देशों के प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों द्वारा हस्ताक्षर किए गए और अंततः इसे अपनाया गया।

### मौत तक जेल में रहेगी ब्रिटेन की कातिल नर्स



**लंदन।** ब्रिटेन के मैनचेस्टर क्राउन कोर्ट ने 7 बच्चों की कातिल नर्स को उम्रकैद सुनाई है। इस नर्स का नाम लूसी लेटबी है। सोमवार को कोर्ट की कार्रवाई शुरू होने पर जज जस्टिस गॉस ने कहा- लेटबी ने अदालत आने से इनकार कर दिया है। लिहाजा, दोषी की गैरमौजूदगी में ही सजा का ऐलान किया जाएगा। इसके बाद सजा का ऐलान किया गया। लेटबी को काउटेंस ऑफ चेस्टर हॉस्पिटल में 7 बच्चों की हत्या का दोषी पाया गया था। इसके अलावा 6 बच्चों को कत्ल करने की कोशिश का आरोप भी साबित हो चुका है। सभी घटनाएं जून 2015 से जून 2016 के बीच अंजाम दी गईं। लेटबी के खिलाफ भारतीय मूल के डॉक्टर रवि जयराम भी गवाह थे।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com